www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 34.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 90.450g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

2 शहरीकरण की अनदेखी, राजनीति का अड्डा बने नगर निकाय

6.5 करोड़ की हेरोइन जब्त 04

वर्ष :08 | अंक :271 | मुंबई ,सोमवार , 24 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के एक जंगल में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और वहां से एक पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और सेना ने संयुक्त रूप से शनिवार को भद्रवाह के भलरा जंगल क्षेत्र में तलाश अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता लगाया। नक्सली ठिकाने से एक पिस्तौल, तीन मैगजीन, छह गोलियां और एके असॉल्ट राइफल की 25 गोलियां बरामद की गईं। हालांकि, इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। यह अभियान खुफिया सूचना के आधार परचलाया गया था। इस बीच, किश्तवाड़ जिले के गुरिनाल, ठाठरी और छत्रू के जंगलों में भी पुलिस, सेना और सीआरपीएफ का संयुक्त तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने ऊपरी इलाकों में संदिग्ध आतंकियों की मौजूदगी की सूचना दी थी जिसके बाद यह अभियान बृहस्पतिवार को शुरू किया गया था।

## पंजाब पुलिस ने मादक पदार्थ-आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, चार किलो हेरोइन के साथ चार धरे गये

पंजाब पुलिस ने मादक पदार्थ-आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब के पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने कहा कि इस सिलसिले में अमृतसर के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) में एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक खुफिया सूचना पर आधारित अभियान में अमृतसर की खुफिया शाखा ने एक मादक पदार्थ-आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यादव ने कहा कि इससे जुड़ी कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नवजोत सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह और अनिकेत को अमृतसर के छेहरटा में नारायणगढ़ सरकारी अस्पताल क्षेत्र के पास गिरफ्तार किया गया। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने तथा राज्य में शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

# जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के ढेर

## सुप्रीम कोर्ट ने जांच रिपोर्ट के साथ वोडियो-फोटो सार्वजनिक किए

**वोडियो-फोटो सार्वजनिक**

▶▶दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट में आधिकारिक संचार से जुड़ी सामग्री भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि भारतीय मुद्रा के चार से पांच अधजले ढेर मिले हैं। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, 'मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति ने कमरे में प्रवेश किया था या वहां तक पहुंचा था।



एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी. शनिवार देर रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जांच रिपोर्ट अपलोड की, जिसमें फोटो और वीडियो भी शामिल हैं.25 पन्नों की रिपोर्ट में की गई सिफारिश के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जांच के लिए एक आंतरिक समिति गठित की और दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय से कहा कि वह जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपें. इस रिपोर्ट में होली की रात 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कथित रूप से मिली नकदी की तस्वीरें और वीडियो शामिल हैं, जब घर में आग लगी थी.

दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट में आधिकारिक संचार से संबंधित सामग्री भी शामिल थी, जिसमें कहा गया था कि घर में अधजले नोटों के चार से पांच ढेर पाए गए थे।

**जस्टिस वर्मा का जवाब**

रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा का जवाब भी शामिल है . जस्टिस वर्मा ने साफ किया है कि स्टोररूम में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई थी. उन्होंने कहा कि वह इस बात की कड़ी निंदा करते हैं कि कथित नकदी उनकी थी. उन्होंने कहा कि उनके आवास पर नकदी मिलने के आरोप स्पष्ट रूप से उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश लगती है . जस्टिस वर्मा ने अपने जवाब में कहा, यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमने रखी या स्टोर की थी, पूरी तरह से बेतुका है .

**जस्टिस उपाध्याय की टिप्पणी**

जस्टिस उपाध्याय ने 21 मार्च को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में कहा, जांच रिपोर्ट में कहा, घटना की रिपोर्ट, उपलब्ध सामग्री और जस्टिस यशवंत वर्मा के जवाब की जांच करने पर, मुझे जो पता चला वह यह है कि पुलिस आयुक्त ने 16 मार्च, 2025 की अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर तैनात गार्ड के अनुसार 15 मार्च, 2025 की सुबह जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और अन्य आंशिक रूप से जले हुए सामान हटा दिए गए थे. मेरी जांच में, प्रथम दृष्टया, बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (अगर कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती है. मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की जरूरत है. शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया, फिलहाल दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपने के लिए कहा गया है.।


**तीन सदस्यीय जांच समिति में गठित**

जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने से पहले सुप्रीम कोर्ट मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति में गठित की थी, जिसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं .

# पीएम मोदी ने दी सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु को श्रद्धांजलि

भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान हर भारतीय के दिल में अमर है. शहीदी दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने इन्हें नमन करते हुए उनकी वीरता को श्रद्धांजलि दी.

**बोले इन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता**




**पीएम मोदी ने शहीदों के बलिदान को किया नमन**

पीएम मोदी ने आगे लिखा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान आज भी भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है . उनकी साहसिक सोच, निडरता और स्वतंत्रता के प्रति उनका अटूट समर्पण राष्ट्र प्रेम की भावना को और मजबूत करता है . इन वीरों का अदम्य साहस, संघर्ष और देश के प्रति उनकी निस्वार्थ भक्ति आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी . उनके बलिदान की गूंज हर भारतीय के दिल में सदैव बनी रहेगी और देश के उत्थान के लिए हमें समर्पित रहने की सीख देती रहेगी .

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार (23 मार्च) को क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इन वीर सेनानियों को लाहौर षड्यंत्र मामले में अंग्रेजों की हुकूमत ने फांसी की सजा दी थी. इतिहास गवाह है कि जब तीनों को फांसी दी जा रही थी तब भी वे निडर होकर आजादी के नारे लगा रहे थे.

भगत सिंह ने आठ अप्रैल 1929 को अपने साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था. उनका मकसद किसी की जान लेना नहीं बल्कि अंग्रेजी शासन के खिलाफ अपना विरोध प्रकट करना था. ये घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम मोड़ साबित हुई. इसके बाद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लाहौर षड्यंत्र मामले के तहत सांडर्स हत्याकांड में दोषी ठहराया गया और 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी गई.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा आज हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद कर रहा है. स्वतंत्रता और न्याय के लिए उनका निडर प्रयास हम सभी को प्रेरित करता रहेगा।

# 'बीजेपी के वफादार हैं अन्नामलाई, तमिलनाडु के नहीं'

## परिसीमन मुद्दे पर कर्नाटक डिप्टी सीएम का तंज

▶▶कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई पर कटाक्ष करते हुए कहा, वह तमिलनाडु के प्रति नहीं बल्कि पार्टी के प्रति वफादार हैं .

एजेंसी

चेन्नईः जनसंख्या के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन की अध्यक्षता में शनिवार को दक्षिणी राज्य संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक चेन्नई के एक होटल में हुई. बैठक में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार भी शामिल हुए. रविवार को बेंगलुरू रवाना होने से पहले उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई पर जोरदार हमला किया.दरअसल, परिसीमन को लेकर हुई बैठक में इस बात पर चिंता जाहिर की गयी थी कि इससे दक्षिण भारतीय राज्यों को नुकसान होगा।

# धर्म आधारित आरक्षण, संविधान का उल्लंघन है' : आरएसएस महासचिव

## आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कहा कि धर्म आधारित आरक्षण, संविधान का उल्लंघन है.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के समापन के अवसर पर बेंगलुरु में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा, बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है . ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के विरुद्ध जा रहा है .

एजेंसी

बेंगलुरुः कर्नाटक सरकार ने सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है. कर्नाटक सरकार के फैसले पर राजनीतिक बहस चल रही. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने रविवार को कहा कि संविधान धर्म आधारित आरक्षण की इजाजत नहीं देता है. उन्होंने कहा कि



इस प्रकार के आरक्षण, भीमराव अम्बेडकर के विचारों के विरुद्ध हैं.

पहले भी हुए थे धर्म आधारित आरक्षण के प्रयासः दत्तात्रेय होसबोले ने यह भी बताया कि संयुक्त आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र द्वारा मुसलमानों के लिए धर्म-आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था. होसबोले ने इस बात पर जोर दिया कि अदालतों ने ऐसे कोटे के प्रावधानों को खारिज कर दिया है.औरंगजेब को हीरो बनाने पर ऐतराजः मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में होसबोले ने कहा कि जो लोग भारत के मूल्यों के खिलाफ गए, उन्हें प्रतीक बना दिया गया. उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वालों को तो स्वतंत्रता सेनानी कहा जाता है, लेकिन जिन्होंने आक्रमणकारियों का विरोध किया उन्हें यह सम्मान नहीं दिया जाता।

# बीजापुर में 22 नक्सलियों का सरेंडर, लाल आतंक का निकला दम

▶▶बीजापुर में एक साथ 22 नक्सलियों ने सरेंडर किया है . इनमें 11 नक्सली 6 लाख के इनामी हैं .



एजेंसी

बीजापुरः बीजापुर में सुरक्षाबलों के लाल आतंक पर चौतरफा प्रहार की वजह से अब नक्सलवाद का दम निकल रहा है. एक साथ कुल 22 माओवादियों ने बीजापुर पुलिस फोर्स के सामने हथियार डाले हैं. इनमें तेलंगाना स्टेट कमेटी और अडइ डिवीजन पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं. इसके अलावा नक्सलियों के प्लाटून नंबर 9 और 10 के पार्टी सदस्य भी सरेंडर करने वाले माओवादियों का हिस्सा है. गालूर एरिया कमेटी के हिरमागुण्डा आरपीसी एवं पामेड़ एरिया कमेटी कोण्डापल्ली आरपीसी के सदस्यों ने भी हथियार डाले हैं. नक्सल संगठन से मोहभंग के बाद लिया फैसलाः सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने नक्सल संगठन से मोहभंग होने के बाद यह फैसला लिया।

# उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली को हिरासत में लिया

## संभल हिंसा के सिलसिले में की पूछताछ

संभल कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि शाही जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जफर अली को रविवार को पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में बयान दर्ज करने के लिए हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि अली को एसआईटी ने हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रविवार को शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली और उनके बेटे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अली को 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। अली पर भड़काऊ




भाषण देने का आरोप है।संभल कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि शाही जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जफर अली को रविवार को पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में बयान दर्ज करने के लिए हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि अली को एसआईटी ने हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।जफर अली के बड़े भाई ताहिर अली ने कहा कि रविवार 11:15 बजे पुलिस निरीक्षक और विवेचना अधिकारी उनके घर पहुंचे थे और कहा था कि पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह जफर अली से बात करना चाहते हैं।

# ओडिशा में ओले गिरे, 2 की मौत ,कर्नाटक में आंधी-बारिश का कहर ,तीन साल की बच्ची की मौत

## आज 17 राज्यों में बारिश की संभावना, रिपोर्ट- भारत एक्स्ट्रीम हीटवेव झेलने के लिए तैयार नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली , पिछले 24 घंटों में ओडिशा में अलग-अलग जगहों पर बारिश, आंधी और बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।67 अन्य घायल हो गए और 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।आज देश के 17 राज्यों में बारिश की संभावना है।इसमें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और नॉर्थ ईस्ट



के राज्य शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बिजली और ओले गिरने की संभावना है।इस दौरान बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश (7 से 11 सेमी) और बिजली के साथ तूफान आ सकता है।

राजस्थान में 25 मार्च से बदलेगा मौसमः पश्चिमी हवा चलने से गर्मी बढ़ने लगेगी; जयपुर में सुबह और शाम हल्की ठंड रही।

**मौसम विभाग ने 2025 में भी सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान जताया है ।ये हालात हीटवेव की गंभीरता दिखा रहे हैं ।**

सस्टेनेबल फ्यूचर कोलाबोरेटिव, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं की साझा रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत एक्स्ट्रीम हीटवेव झेलने के लिए तैयार नहीं है।आने वाले वर्षों में हीटवेव लंबे समय तक बने रहने से ज्यादा मौतें होने की चेतावनी है।

**सलाह** कपिल सिब्बल ने इंडिया ब्लॉक को दी सलाह

# हमें बिखरा हुआ नहीं, बल्कि एकजुट दिखना चाहिए...

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को विपक्षी गठबंधन भारत को एक खास सलाह दी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को सार्वजनिक रूप से एकजुट दिखने की कोशिश करनी चाहिए। इसके साथ ही सिब्बल ने विपक्षी गठबंधन के लिए एक औपचारिक ढांचे की वकालत की जिसमें प्रवक्ता होने चाहिए जो गठबंधन के विचारों को सामने रख सकें। सिब्बल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक ढांचे और कार्यक्रम की आवश्यकता है। हाल में राज्य विधानसभा चुनावों में इंडिया के सहयोगी दलों के बीच हुई तकरार के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, मेरा मानना है कि इसे (इंडिया) एकजुट दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि यह आम तौर पर दिखाई देता है। उन्होंने कहा, इन्हें (इंडिया में शामिल दलों को) एक सुसंगत नीति, एक सुसंगत वैचारिक ढांचा और भविष्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम की आवश्यकता है। राज्यसभा सदस्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर की बात नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सोचने के तरीके में एकरूपता होनी चाहिए और जब तक वह तंत्र स्थापित नहीं हो जाता और जब तक गठबंधन के प्रवक्ता नहीं होंगे जो इसके विचारों को सामने रख सकें, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या इंडिया गठबंधन के लिए एक औपचारिक राजनीतिक ढांचा होना चाहिए, सिब्बल ने कहा कि वह लंबे समय से यह बात कहते आ रहे हैं। सिब्बल ने हालांकि विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भरोसा जताया। केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का गठन लोकसभा चुनाव से पूर्व किया था। मौजूदा बजट सत्र के दौरान पेश किए जा सकने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक और विपक्ष के पास मौजूद विकल्पों के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि यह देखना होगा कि राजग गठबंधन के सहयोगी इस मामले में क्या करते हैं क्योंकि भाजपा के पास बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा, देखते हैं कि उनका रुख क्या है। बिहार में चुनाव होने वाले हैं।

राज्य विधानसभा चुनावों में इंडिया के सहयोगी दलों के बीच हुई तकरार के बारे में पूछे जाने पर कपिल सिब्बल ने कहा, मेरा मानना है कि इसे एकजुट दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि यह आम तौर पर दिखाई देता है ।उन्होंने कहा, इन्हें एक सुसंगत नीति, एक सुसंगत वैचारिक ढांचा और भविष्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम की आवश्यकता है ।

# नक्सली हताश हो चुके हैं क्योंकि उनके खिलाफ अभियान तेज हो रहा है: हेमंत सोरेन



आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 193 वीं बटालियन के उप-निरीक्षक सुनील कुमार मंडल और एक अन्य जवान पार्थ प्रतिम घायल हो गए थे ।दोनों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची लाया गया जहां उपनिरीक्षक मंडल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

एजेंसी

झारखंड। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि राज्य में सुरक्षा बलों के अभियान तेज होने से नक्सली हताश हो गए हैं।सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में आईईडी विस्फोट में शहीद हो गये केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन मुख्यालय में इन शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया था। सोरेन ने पत्रकारो से कहा, सीआरपीएफ जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सली हताश हो चुके हैं क्योंकि उनके खिलाफ अभियान तेज हो रहा है... यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, पश्चिमी सिंहभूम जिले में छोटानागरा थानाक्षेत्र के वानग्राम मरंगपोंगा जंगल में शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 193 वीं बटालियन के उप-निरीक्षक सुनील कुमार मंडल और एक अन्य जवान पार्थ प्रतिम घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची लाया गया जहां उपनिरीक्षक मंडल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## सम्पादकीय

# परिसीमन पर राजनीति, राजनीतिक रोटी सेंक रहे स्टालिन

स्टालिन के रवैये से यदि कुछ सिद्ध हो रहा है तो यही कि उनकी निगाह तमिलनाडु में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव पर है और वह अपनी राज्य की जनता का ध्यान उन मुद्दों से भटकाना चाहते हैं जिनके लिए उन्हें जवाबदेह बनाया जा सकता है। यह किसी से छिपा नहीं कि वह परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरते जा रहे हैं।भाषा विवाद को तूल दे रहे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने परिसीमन पर बैठक बुलाकर यही सिद्ध किया कि वह राजनीतिक रोटियां सेंकने के इरादे से एक और ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं, जिसका फिलहाल कोई सिर-पैर नहीं दिख रहा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तमिलनाडु पर हिंदी थोपने का उनका आरोप भी अपने राज्य के लोगों को बरगलाने के लिए ही है, क्योंकि इस नीति के त्रिभाषा सूत्र में तो हिंदी का उल्लेख तक नहीं है।लगता है कि इस मुद्दे पर बेनकाब होने के बाद ही उन्होंने परिसीमन के मामले को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। वह यह शोर मचाने में लगे हुए हैं कि यदि परिसीमन के निर्धारण में केवल जनसंख्या को आधार बनाया जाता है तो लोकसभा में दक्षिण के राज्यों की सीटें घट जाएंगी।यह भय का भूत खड़ा करने की ही कोशिश है, क्योंकि अभी यह तय नहीं कि परिसीमन का एक मात्र आधार जनसंख्या को बनाया जाएगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि परिसीमन की नौबत तब आएगी, जब जनगणना होगी। अभी तो यही नहीं पता कि जनगणना कब होगी? यद्यपि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री यह स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन में किसी राज्य के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, लेकिन स्टालिन को चैन नहीं। वह ऐसा माहौल बनाने में लगे हुए हैं, जैसे जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कराने की मुनादी कर दी गई है।भाषा का मामला हो या फिर परिसीमन का, स्टालिन के रवैये से यदि कुछ सिद्ध हो रहा है तो यही कि उनकी निगाह तमिलनाडु में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव पर है और वह अपनी राज्य की जनता का ध्यान उन मुद्दों से भटकाना चाहते हैं, जिनके लिए उन्हें जवाबदेह बनाया जा सकता है। यह किसी से छिपा नहीं कि वह परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरते जा रहे हैं। वह केवल दक्षिण के राज्यों की राजनीति की कमान ही अपने हाथ नहीं लेना चाहते। वह विपक्षी दलों की राजनीति के सूत्र भी अपने हाथ में लेने की कोशिश करते दिख रहे हैंपता नहीं क्यों उन्हें यह लगने लगा है कि वह ममता बनर्जी की तरह विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए का एक बड़ा चेहरा बन सकते हैं।इसमें वह शायद ही सफल हों, क्योंकि परिसीमन को लेकर बुलाई गई बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने भागीदारी नहीं की। वाईएसआर कांग्रेस भी इस बैठक से दूर रही।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कल का दिन सुखमय रहने वाला है. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. परिवार में सदस्यों से यदि आपने कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है.

**वृषभ राशि :**वृषभ राशि के जातकों के लिए कल का दिन मिला जुला रहने वाला है. ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है. मान सम्मान में वृद्धि होगी, जो आपको खुशी देगी, लेकिन कार्य क्षेत्र में आपके कुछ विरोधी आपके मित्र के रूप में हो सकते हैं

**मिथुन राशि :** कल का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आप अपने व्यवसाय की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे और परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है. आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से उचित मार्गदर्शन मिलेगा. प्रेम सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल का दिन बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा. आपको परिवार में मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा. विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे. आप अपनी संतान के कैरियर को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आप परिवार के सदस्यों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम कर सकते हैं. आपके परिवार में आपसी सहमति न रहने से लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे. जीवनसाथी को कहीं शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं

**कन्या राशि :** कन्या राशि के व्यापार कर रहे जातकों लिए कल का दिन बेहतर रहेगा, उन्हें कुछ नई आशाएं मिलेंगी और नौकरी में भी कार्यरत लोग अपने कामों से लोगों को हैरान करेंगे. आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देंगे.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों को किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा. आप अपनी आर्थिक स्थिति पर पूरा ध्यान दें. किसी के कहने में आकर कोई इंवेस्टमेंट ना करें. जो लोग सिंगल हैं, उनकी उनके प्यार से मुलाकात होगी.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातको के प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी. आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है. किसी मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा. आप अपने पारिवारिक दायित्वों को आसानी से पूरा कर सकेंगे.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल के दिन रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. धार्मिक कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी. आपको कोई बड़ा लाभ मिलने की संभावना है, इसलिए आप कोई प्रॉपर्टी का लेनदेन सोच समझ कर करें.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल का दिन कुछ नये संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है. आपको यदि कुछ चिंता थी, तो वह भी दूर होगी. धार्मिक कामों में पूरी रुचि दिखाएंगे, लेकिन आपको कुछ अनजान लोगों से लेनदेन सोच समझ करना होगा.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों को कल अपने पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है और आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा, क्योंकि सामाजिक क्षेत्रों में आपको किसी अच्छे पद की प्राप्ति होगी और आपकी इन्कम बढ़ेगी. आप सुख सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान देंगे. आप अपने पारिवारिक समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करेंगे. आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकता है.


**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा. आपको यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी और आप अपने खर्चों को कंट्रोल करके अपने कुछ कर्जा से भी छुटकारा पाने की कोशिश में लगे रहेंगे. दाम्पत्य जीवन पहले से बेहतर रहेगा. नौकरी में आपको अपने सहयोगियों से कोई बात सोच समझ कर बोलनी होगी

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# शहरीकरण की अनदेखी, राजनीति का अड्डा बने नगर निकाय

> अपने देश में जिन नगर निकायों का भारी भरकम बजट होता है उनमें भी नागरिक सुविधाएं सिर उठाए दिखती हैं। ऐसा क्यों है इसकी गहन पड़ताल होनी चाहिए और इसके लिए कोई ठोस व्यवस्था बननी चाहिए कि पार्षद और मेयर शहरों का समुचित विकास सुनिश्चित करने में सहायक बनें। इसके लिए आवश्यक हो तो नगर निकायों की कार्यप्रणाली में बदलाव लाकर पार्षदों और मेयरों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

बीते दिनों रायसीना संवाद में नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने देश को शहरीकृत करने के लिए टिकाऊ शहरों के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि शहर विकास, नवाचार और समृद्धि के केंद्र हैं। शहरों को समृद्धि का केंद्र बताने के लिए उन्होंने मुंबई का उदाहरण दिया, जिसका सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी 18 राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद से अधिक है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर का जीडीपी कानपुर से 12 गुना अधिक है। इसका अर्थ यही है कि ये शहर समृद्धि के मामले में अग्रणी हैं।भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए देश में कई मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, नोएडा, सूरत आदि होने चाहिए। ऐसा क्यों नहीं है, इस पर हमारे नीति नियंताओं को इसलिए सोचना चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में शहरों की आबादी तेजी से बढ़ेगी। शहरों को केवल इसलिए सही तरह विकसित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उनकी आबादी बढ़ती जा रही है। उनका समुचित विकास इसलिए भी होना चाहिए, क्योंकि वे रोजगार पैदा करने में सहायक बनने के साथ अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम करते हैं। आज सभी इससे परिचित हैं कि शहर विकास के इंजन हैं, लेकिन उन्हें संवारने, सुधारने का काम प्राथमिकता सूची से बाहर दिखता है।अमिताभ कांत की मानें तो शहरीकरण की मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए भारत को हर पांच साल में एक नया शिकागो बनाना होगा। उन्होंने जिस तरह मौजूदा शहरों को पुनर्जीवित करने की बात कही, उससे यदि कुछ स्पष्ट होता है तो यही कि अपने देश में



शहरीकरण की चुनौतियों का सही तरह समाधान करने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह साफ तौर पर दिख भी रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी हमारे शहर अनियोजित विकास का पर्याय बने हुए हैं। उनमें नागरिक सुविधाओं का अभाव बढ़ता जा रहा है। वे अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, जलभराव, प्रदूषण आदि से घिरते जा रहे हैं। उनमें फ्लाईओवर, अंडरपास, बाईपास, आदि बनते तो दिखते हैं, लेकिन कुछ ही समय में वे अपर्याप्त साबित होने लगते हैं। इसका कारण आबादी का बढ़ता दबाव तो है ही, नियोजित विकास का अभाव भी है।शहरों के बुनियादी ढांचे के निर्माण में दूरगामी सोच के अभाव के चलते ही वे समस्याओं से घिरते जाते हैं। वैसे तो शहरों का बुनियादी ढांचा सुधरे, यह देखना राज्य सरकारों का काम है, लेकिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी नगर निकायों की है। दुर्भाग्य से वे अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वाह करने में फिसड्डी हैं। इसका बड़ा कारण यह है कि नगर निकायों के जनप्रतिनिधि अपना काम सही तरह नहीं करते। वे शहरों के नियोजित विकास से अधिक इसकी परवाह करते हैं कि कैसे उनका वोट बैंक बने और बढ़े। इसके लिए वे ऐसे काम भी करते हैं, जिनसे शहरों की समस्याएं बढ़ती हैं। वे कभी अवैध झुग्गी बस्तियों को नियमित करने की वकालत करते हैं, कभी अतिक्रमण हटाने का विरोध करते दिखते हैं।यह किसी से छिपा नहीं कि हमारे शहर प्रदूषण से ग्रस्त होते जा रहे हैं, लेकिन नगर निकायों के जन प्रतिनिधियों के पास प्रदूषण से निपटने का कोई एजेंडा ही नहीं दिखता। शहरों का प्रदूषण से घिरना यही बताता है कि शहरीकरण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में हर स्तर पर कोताही बरती जा रही है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि नगर निकायों के जन प्रतिनिधियों को यह आभास न तो स्वंय होता है और न ही किसी की ओर से उन्हें कराया जाता है कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी शहरों के बुनियादी ढांचे को सुधारना, उनमें रहने वालों के जीवन को सुगम बनाना और इसकी चिंता करना है कि उनमें उद्योग-धंधे कैसे तेजी से फले-फूलें। स्पष्ट है कि जब ऐसा होगा, तभी शहर समृद्धि के केंद्र बनेंगे।अभी स्थिति यह है कि वे सफाई, स्वास्थ्य, पेयजल, सीवेज, सार्वजनिक परिवहन आदि की व्यवस्था को उपयुक्त बनाए रखने के लिए आवश्यक धनराशि का भी प्रबंध नहीं कर पाते। इसकी वजह नगर निकायों की भ्रष्ट कार्यप्रणाली है। इससे सभी परिचित भी हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।अपने देश में जिन नगर निकायों का भारी भरकम बजट होता है, उनमें भी नागरिक सुविधाएं सिर उठाए दिखती हैं। ऐसा क्यों है, इसकी गहन पड़ताल होनी चाहिए और इसके लिए कोई ठोस व्यवस्था बननी चाहिए कि पार्षद और मेयर शहरों का समुचित विकास सुनिश्चित करने में सहायक बनें। इसके लिए आवश्यक हो तो नगर निकायों की कार्यप्रणाली में बदलाव लाकर पार्षदों और मेयरों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। जवाबदेही तय करने के लिए कुछ स्पष्ट पैमाने बनाए जाने चाहिए और उन्हें उनकी निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि जनता यह समझ सके कि किसे वोट नहीं देना और यह भी जान सके कि कौन कसौटी पर खरा नहीं उतरा? जो जन प्रतिनिधि कसौटी पर खरा न उतर सकें, उन्हें हटाने का कोई तंत्र विकसित होना चाहिए। होना यह चाहिए कि नगर निकाय नियोजित विकास का जरिया बनें, लेकिन हो यह रहा है कि वे सस्ती राजनीति का अड्डा बने हुए हैं।नगर निकायों के जन प्रतिनिधियों की तरह से उनके अधिकारियों को भी जवाबदेह बनाया जाना चाहिए, क्योंकि उनकी ही अदूरदर्शिता और मानकों के खिलाफ किए जाने वाले निर्माण कार्यों के कारण ही शहर बुनियादी सुविधाओं के अभाव से दो-चार होते हैं। हमारे शहरों को ऐसे टाऊन प्लानरों की सख्त जरूरत है, जो बुनियादी ढांचे से जुड़ी किसी परियोजना का निर्माण करते समय इसका आकलन कर सकें कि वह 40-50 साल बाद बढ़ी हुई आबादी का बोझ वहन कर सकेगी या नहीं? अपने देश में ऐसा आकलन मुश्किल से होता है। आम तौर पर समस्या का फौरी समाधान ही खोजा जाता है।यदि स्मार्ट सिटी सरीखी योजना से वांछित नतीजे हासिल नहीं हो सके तो नगर निकायों के नाकारापन के कारण। कभी कभार नगर निकायों के लापरवाह और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई हो भी जाती है, लेकिन पार्षद और मेयर शायद ही कभी दायित्वहीनता के लिए दंडित होते हों। जब तक यह स्थिति दूर नहीं होती, तब तक शहरीकरण चुनौतीपूर्ण ही बना रहेगा और हमारे शहर आर्थिक गतिविधियों को आकर्षित नहीं कर पाएंगे। यदि ऐसा नहीं हो पाता तो विकसित भारत के लक्ष्य को पाना कठिन होगा। यह समझा जाए तो बेहतर कि सही से विकसित शहर ही विकसित भारत की आधारशिला रख सकेंगे।

# नैतिक सिद्धान्तों पर भारी भौतिकवाद

संजीव ठाकुर

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया, जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए उपहार के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना, कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है।



परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्वं स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्टप्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निमार्ता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी, आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

# इंसानियत की जगह

विजय गर्ग

आज दुनिया के हर देश में लोप होती जा रही मानवीयता के चलते वास्तव में किसी मनुष्य को खोज पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। मगर इसके लिए जरूरी है कि हम मनुष्य होने के बुनियादी तत्त्वों की पहचान कर सकने में सक्षम हो सकें। अगर इंसानियत के तकाजे के मुताबिक देखें तो वास्तव में मनुष्य कहे जाने वाले लोगों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। कोई भी क्षेत्र हो, वहां इंसानियत से लैस इंसान नहीं मिलते हैं। अगर कहीं कोई भला आदमी दिख जाता है, तो उसे 'मूर्ख' या 'दुनियादारी का 'पागल' करार दे दिया जाता। आज हर क्षेत्र की आपाधापी और बेलगाम दौड़ में, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मनुष्य दिखाई नहीं देते। किसे हम मनुष्य कहें, यह प्रश्न पैदा होता है। जिसमें अन्य के प्रति दया और परोपकार का भाव हो, मुसीबत या कठिनाइयों से घिर जाने पर परस्पर निस्वार्थ सहयोग की भावना हो, जिसमें सत्य, अहिंसा, त्याग, दया, प्रेम, शुद्धता, नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के भावों से युक्त मनुष्यत्व हो, उसे मनुष्य कहा जा सकता है।भूमध्य सागर के तट पर बसे यूनान की राजधानी एथेंस सुकरात जैसे दार्शनिक और उनके शिष्य प्लेटो की जन्म भूमि रही। वहां का एक प्रसंग बेहद महत्त्वपूर्ण है। एक दिन एक दार्शनिक संत डायोनिसिस दिन के उजाले या तेज धूप में लालटेन लेकर कुछ ढूंढ़ते हुए जा रहे थे, तो उन्हें देख कर धीरे-धीरे कुछ लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होती गई। चौराहे पर जब वे पहुंचे तो भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ में से एक मनचले ने उनसे पूछा कि दिन की इस तेज धूप में जलती लालटेन लेकर तुम क्या ढूंढ़ रहे हो। संत ने उत्तर दिया कि मैं मनुष्य को ढूंढ़ रहा हूं, इंसान को ढूंढ़ रहा हूं। एक उद्दंड व्यक्ति ने कहा कि क्या हम तुम्हें इंसान दिखाई नहीं देते। इस पर डायोनिसस ने कहा कि नहीं, तुम मानव नहीं हो... तुममें से तो कोई किसी का स्वामी है, दास है, पिता है, बेटा है, नेता है, पदाधिकारी, रसूखदार है, अंध धार्मिक है, लेकिन मनुष्य नहीं है; मैं मनुष्य और उसकी मानवीयता को ढूंढ़ रहा हूं।

इंसानियत और मानवीयता की चाह में हर सामान्य आदमी को अपने और पराए स्वत्व की रक्षा के लिए संभल कर ही चलना होगा, क्योंकि धुरीहीनता संगठन के हर क्षेत्र व्याप्त है और मतलबपरस्तों की काई हर ताल तलैया पर जम चुकी है। हर जगह विवेकहीन भीड़ दिखती है, जो न तो कुछ वास्तविक संदर्भ समझ पाती है, न उसके मुताबिक अपनी प्रतिक्रिया दे पाती है। अब नारे-उ - जलूस और सभाओं से आम आदमी की आस्था उठ गई है।वह इनमें राजनीतिक स्वार्थ और आचरण की मक्कारी देख रहा। जबकि आज एक व्यवस्था में रहते हुए मनुष्य का जीवन राजनीतिक ढांचे से ही तय होता है। दूसरी ओर, ऐसी भीड़ खड़ी हो रही है, या कहें कि भीड़ खड़ी की जा रही है, जिसे वैसे मुद्दों से कोई वास्ता नहीं, जो मानवीयता को बचाने की मांग करते हों। उसे सिर्फ वह उन्माद प्यारा लगने लगा है, जिसमें डूब कर वह वैसी सारी समस्याओं को भूल जाए, जो उसकी और समूचे समाज और देश को प्रभावित करती हों। उसकी जिंदगी की गुणवत्ता निम्नतर हो जाए, लेकिन वह अफवाह और आक्रामकता के प्रभाव में जीना पसंद करने लगता। दरअसल, मनुष्य और मानवीय मूल्यों के प्रति निष्ठा का जहां अभाव हो जाता है, वहां किसी की वाणी भी अर्थहीन हो जाती है।यह विडंबना है कि आज मानव मूल्यों का इतना पतन होता जा रहा है कि समस्याओं के प्रति हमारी संवेदनाएं कुंद हो गई लगती हैं। इसी का परिणाम है कि हम स्थितियों को सही संदर्भ, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने की क्षमता खोते जा रहे हैं और परस्पर किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र या समाज की अस्मिता पर चोट करने से बाज नहीं आते। सामाजिक और मानवीय व्यवहार भूलकर व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं या अनुशासन की आड़ में एकाधिकारशाही थोपने लग जाते हैं।

# सुशांत सिंह राजपूत केस में उद्धव ठाकरे ने मिटवाए सबूत :बीजेपी

- दिशा सालियान का जिक्र कर बीजेपी विधायक राम कदम के आरोप
- राम कदम ने उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए
- दिशा सालियान के पिता ने नई जांच की मांग की है



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुबई : बॉलिवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दायर कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सुशांत की मौत किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक षड्यंत्र से नहीं हुई है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर अब महाराष्ट्र से भाजपा विधायक राम कदम की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे ने पहले ही सीबीआई को केस दे दिया होता तो आज परिवार को न्याय मिल जाता।

भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि सुशांत सिंह राजपूत के केस को लेकर पूरे देश की एक ही मांग थी कि इसे सीबीआई को सौंपा जाए, मगर जानबूझकर लापरवाही बरती गई। बिहार की पुलिस जब इस मामले की जांच के लिए मुंबई आई तो उन्हें भी रोका गया।

बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे ने अपने लोगों को बचाने के लिए सारे सबूत मिटा दिए। इतना ही नहीं, घर का फर्नीचर हटाया गया और रंगाई-पुताई कर उसे घर के असली मालिक को सौंप दिया गया।राम कदम ने आगे कहा, 'जब सारे सबूत मिटा दिए जाएंगे और उनके नेता रिया चक्रवर्ती के साथ प्रवक्ता बनकर खड़े रहेंगे तो सवाल उठना लाजिमी है।

# अगला कुंभ नासिक में लगेगा, फडणवीस का बड़ा ऐलान

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज नासिक के दौरे पर हैं। वे कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में इस दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि त्र्यम्बकेश्वर को नासिक की तरह विकसित किया जाना चाहिए। फडणवीस ने कहा कि वे विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होने देंगे। यूपी की तर्ज पर महाकुंभ के लिए प्राधिकरण बनाया जाएगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई/नासिकः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार सुबह त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचे। यहां विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर मंदिर में उन्होंने कुशावर्त तीर्थ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साधु-संतों और महंतों से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नासिक में 2027 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियां उम्मीद से धीमी गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने इसे आस्था और प्रौद्योगिकी का आयोजन बताया। नासिक में सीआईआई यंग इंडियंस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फडणवीस ने बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कुंभ से संबंधित चुनौतियों को स्वीकार किया, हालांकि उन्हें दूर करने का विश्वास भी जताया।

त्र्यंबकेश्वर दौरे के बाद महाराष्ट्र सीएम ने एक्स पोस्ट में लिखा- त्रयः अम्बकाः यस्य सः त्र्यम्बकः ।स ईश्वरो यत्र तत स्थानं त्र्यम्बकेश्वरम। आज नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में श्री त्र्यंबकेश्वर के भावपूर्ण दर्शन किये, विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए श्री त्र्यंबकेश्वर से प्रार्थना की गई।

सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक विक्रम देशमाने की अगुवाई में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन ने भी व्यवस्था को सुचारू रखने में कोई कमी नहीं छोड़ी। स्थानीय लोग और श्रद्धालु मुख्यमंत्री के दौरे से उत्साहित दिखे। फडणवीस ने पूजा और निरीक्षण पर ध्यान केंद्रित रखा और किसी बड़े ऐलान से बचते हुए कुंभमेले की तैयारियों पर जोर दिया। यह दौरा उनके व्यस्त कार्यक्रम का हिस्सा था। इसमें धार्मिक महत्व के साथ-साथ प्रशासनिक तैयारियों को प्राथमिकता दी गई।

इसके बाद सीएम फडणवीस की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में कुंभ मेले पर विस्तार से बात हुई। मुख्यमंत्री ने अभी से ही शासन प्रशासन को तैयार रहने के निर्देश दे दिए हैं। बैठक में जल संसाधन और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, विधायक सीमा हिरे, देवयानी फरांदे, डॉ. राहुल अहेर और हीरामन खोसकर मौजूद थे। प्रशासन की ओर से संभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम, जिला कलेक्टर जलज शर्मा, पुलिस अधीक्षक विक्रम देशमाने, सहायक जिला कलेक्टर नरेश अकुनुरी, उप-विभागीय अधिकारी ओंकार पवार और त्र्यंबकेश्वर नगर परिषद की मुख्य अधिकारी डॉ. श्रेया देवचक्के भी शामिल हुए।कुंभ मेले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे पर काम फिलहाल तय समय से पीछे चल रहा है, लेकिन स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल कुंभ मेले की तैयारियां शुरू कर दी थीं।

फास्ट ट्रैक

# सेंट्रल रेलवे के यात्रियों के लिए गुड न्यूज, बदलापुर से कर्जत रूट पर सफर होगा आसान, सरकार का बड़ा ऐलान

- बदलापुर से कर्जत तक तीसरी और चौथी रेलवे लाइन का निर्माण होगा
- 1510 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना का कार्यान्वयन होगा
- यात्रियों को बेहतर रेल सेवा और समय की बचत मिलेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई से बदलापुर और कर्जत तक लोकल ट्रेन से यात्रा करने में यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में सरकार की नई परियोजना से बदलापुर से कर्जत तक के यात्रियों को काफी फायदा होगा। मुंबई-पुणे-सोलापुर-वाडी-चेन्नई कॉरिडोर पर बढ़ते ट्रैफिक और माल ढुलाई की समस्याओं के समाधान के लिए 32.460 किलोमीटर लंबी ब्राउनफील्ड रेलवे परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के तहत बदलापुर से कर्जत मार्ग पर तीसरी और चौथी लाइन शुरू की जाएगी।बदलापुर से कर्जत तक तीसरी और चौथी लाइनइस परियोजना से बदलापुर, वांगनी, सेलु, नेरल, भिवपुरी और कर्जत शहरों को बहुत लाभ होगा। इसे प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना (ढश्नी रस्त्रीीढिङ्गदी१) के तहत मंजूरी दी गई है। तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण बदलापुर से कर्जत रूट पर किया जाएगा। इसका निर्माण 1,510 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुंबई रेलवे विकास निगम इस परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस परियोजना की लागत केंद्र और महाराष्ट्र सरकार की ओर से 50:50 के अनुपात में वहन की जाएगी। इससे यात्रियों की यात्रा आसान होगी और आर्थिक प्रगति में तेजी आएगी।मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी में होगा सुधार बदलापुर से कर्जत तक तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण 1510 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत किया जा रहा है। मुंबई शहरी परिवहन परियोजना चरण-3ए के अंतर्गत, मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) 14 किलोमीटर लंबी इस तीसरी और चौथी लाइन परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। नई रेलवे लाइन से यात्रियों की यात्रा सुगम होगी। समय कम लगेगा और सामाजिक और आर्थिक प्रगति में तेजी आएगी।

# मनमानी रेट नहीं, पुणे में उबर ऑटो अब मीटर से ही लेंगे किराया, 1 अप्रैल से होने जा रहा बड़ा बदलाव

- उबर ऑटो-रिक्शा मीटर के अनुसार किराया लेने लगेगा
- ड्राइवर अब 19 का दैनिक शुल्क देंगे, कमीशन नहीं
- किराए में पारदर्शिता, यात्रियों को राहत मिलेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः 1 अप्रैल से पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ के ट्रांसपोर्ट में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उबर ऑटो-रिक्शा मीटर के अनुसार किराया लेंगे। ड्राइवर्स सरकार के अनुमोदित मीटर दरों के अनुसार ही किराया लेंगे। यह कदम 18 फरवरी 2025 को ऑटो ड्राइवरों के साथ एक नए समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया गया है। इसमें उबर को एक एग्रीगेटर से एक सेवा (सास) प्लेटफॉर्म के रूप में सॉफ्टवेयर में बदलवा किया है।चालकों के लिए नियत दैनिक शुल्क संशोधित समझौते के तहत उबर ड्राइवरों से कमीशन नहीं लेगी। इसके बजाय, ड्राइवर उबर के प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए प्रति दिन ?19 का एक निश्चित शुल्क का भुगतान करेंगे। यह उबर की भूमिका में बदलाव को दर्शाता है, क्योंकि यह प्रत्यक्ष सेवा मध्यस्थ के बजाय पूरी तरह से एक प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में कार्य करेगा।कीमतों में कोई उछाल नहीं, पारदर्शी किरायाव्यस्त समय या प्रतिकूल मौसम के दौरान बढ़ी हुई कीमतों के कारण यात्रियों को अब किराए में उतार-चढ़ाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। जबकि उबर का ऐप अनुमानित किराए को प्रदर्शित करना जारी रखेगा, वास्तविक किराया ऑटो-रिक्शा के मीटर रीडिंग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। इस पारदर्शिता से चालकों और यात्रियों दोनों को लाभ होने की उम्मीद है।

# शरद पवार और अजित पवार की मुलाकात पर तिलमिलाए संजय राउत, बोले- हम होते तो पीठ में छुरा घोंपनेवाले के पास न जाते

- शरद पवार और अजित पवार की हुई मुलाकात
- संजय राउत ने शिंदे का उदाहरण देकर साधा निशाना
- सुप्रिया सुले ने बैठक पर राजनीति न करने को कहा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ पुणे : शरद पवार ने शनिवार को अपने भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की। यह मीटिंग पुणे स्थित वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट में हुई। मुलाकात पर शरद पवार के सहयोगी और उद्धव ठाकरे शिवसेना सांसद संजय राउत ने निशाना साधा है। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना के नेता उन लोगों से कोई संपर्क नहीं रखते हैं जो पार्टी छोड़कर चले गए हैं। उनकी पार्टी एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए)का हिस्सा है। महाराष्ट्र सरकार के मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट की शासकीय परिषद की बैठक में शरद पवार, उनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और प्रतिद्वंद्वी एनसीपी नेता अजित पवार और दिलीप वाल्से पाटिल शामिल हुए।

## जिन्होंने पीछ में छुरा घोंपा...

संजय राउत ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना के नेताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'उनके बीच सबकुछ ठीक चल रहा है... हम शिवसेना छोड़ने वालों से कोई संपर्क करने की कोशिश भी नहीं करते हैं। जिस तरह से उन्होंने महाराष्ट्र को धोखा दिया और पीठ में छुरा घोंपा...हम उनके नजदीक भी नहीं जाएंगे।'

## 'पार्टी तोड़नेवालों को सिखाएंगे सबक'

संजय राउत ने कहा, 'उनके (एनसीपी गुटों के नेताओं के) पास वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट, विद्या प्रतिष्ठान, रयत शिक्षण संस्था जैसी संस्थाएं हैं। हमारे पास ऐसा कुछ नहीं है। हम (पूर्व पार्टी सहयोगियों के साथ) ऐसी बैठकें नहीं करते हैं और अगर ऐसी बैठक की संभावना होती है तो हम इससे बचते। हम राजनीति में संवाद में विश्वास नहीं रखते हैं। हम उन लोगों से लड़ते रहेंगे जो हमारी पार्टी को बांटते हैं और उन्हें सबक सिखाएंगे।'

## क्या बोलीं सुप्रिया सुले

इस बीच, शरद पवार की बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने अपनी पार्टी के सहयोगी जयंत पाटिल और अपने चचेरे भाई अजित पवार के बीच हुई

# मुंबई, पुणे समेत महाराष्ट्र में बनेगी ट्रांसजेंडर स्पा और मसाज सेंटर के लिए गाइडलाइंस

- महाराष्ट्र सरकार ट्रांसजेंडर स्पा के लिए नई गाइडलाइन बनाएगी
- कोर्ट ने 10 जून तक दिशा-निर्देश पेश करने का दिया निर्देश
- बॉम्बे हाई कोर्ट में हुई थी याचिका, सरकार ने दिया जवाब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया है कि वह ट्रांसजेंडर स्पा और मसाज सेंटर को नियंत्रित करने के लिए गाइडलाइन तैयार करेगी,जो ट्रांसजेंडर के सम्मान को सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही पुलिस के अनुचित हस्तक्षेप पर लगाम लगाएगी। दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए 12 सदस्यीय कमिटी गठित की गई है। राज्य महाधिवक्ता बिरेंद्र सराफ ने कोर्ट को यह जानकारी दी हैं। दिशा-निर्देश लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं और ऑपरेशन मानकों को निर्धारित करेंगे। गाइडलाइन का उद्देश्य स्पा में काम करने वाले वर्कर के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है।

## 10 जून तक दिशा-निर्देश पेश करने के दिए निर्देश

जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने सरकार को 10 जून तक गाइड-लाइन की प्रति कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। बेंच ने कहा, कमिटी दिशा-निदेशों को अंतिम रूप देने से पहले क्षेत्र से संबंधित सभी हितधारकों के सुझावों को सुने। इस मुद्दे पर कमिटी से दिल्ली सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन और मद्रास हाई कोर्ट के 2019 के फैसले पर गौर करना भी अपेक्षित है।गृह विभाग के अडिशनल चीफ सेक्रेटरी की अगुआई में कमिटी काम करेगी। राज्य सरकार के नगर विकास, ग्रामीण विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल एज्युकेशन, विधि एवं न्याय विभाग और आयुष डिपार्टमेंट के अधिकारी कमिटी के सदस्य होंगे।

## रोजी, रोटी के अधिकार का हो रहा उल्लंघन

आपको बता दें कि 11 मसाज थेरपिस्ट ने इस मुद्दे को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका पर सुनवाई के बाद सरकार का गाइडलाइन बनाने का निर्णय आया है। याचिका में दावा किया गया है कि पुलिस की छापेमारी से स्पा के ऑपरेशन में परेशानी होती है। याचिका के अनुसार, पुलिस इम्मोरल ट्रैफिक ऐक्ट 1956 के तहत मसाज सेंटर के खिलाफ कार्रवाई करती है। इससे उनकी रोजी-रोटी कमाने के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि उनके कारोबार में पुलिस के अनुचित हस्तक्षेप को रोका जाए।

# संजय राउत ने हिंदुत्व के मुद्दे पर पीएम मोदी पर निशाना साधा

**महाराष्ट्र की राजनीति में औरंगजेब के मुद्दे को लेकर उबाल है. इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) नेता संजय राउत ने बीजेपी पर हमला बोला.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः इस समय महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को गिराने की मांग जोर पकड़ रही है. इसको लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है. इस बीच शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को इस पर टिप्पणी की और इसे मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा.उन्होंने कहा, 'औरंगजेब की कब्र तोड़ने की मांग हो रही है. सरकार में बैठे कुछ लोग इसकी मांग कर रहे हैं. लेकिन जिस तैमूर ने देश में मंदिर और धार्मिक स्थल तोड़े, उसका नाम एक अभिनेता ने अपने बेटे का रखा और प्रधानमंत्री ने तैमूर की तबीयत के बारे में पूछा.जब सैफ अली खान और करीना पीएम मोदी से मिलने गए थे, तब प्रधानमंत्री ने यही पूछा था. एक तरफ कहते थे औरंगजेब की कब्र खोदेंगे और दूसरी तरफ तैमूर पर सवाल उठाए. ये कैसा हिंदुत्व है पीएम मोदी का? ये वही लोग हैं जो हिंदुत्व के तैमूर हैं.'संजय राउत ने आगे कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के असली शिल्पकार लाल कृष्ण आडवाणी हैं. उन्होंने देश में हिंदुत्व की हर चीज बनाई. लेकिन आडवाणी की हालत शाहजहां जैसी कर दी गई है. उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है. उन्हें क्या हुआ? उन्हें इस तरह क्यों रखा गया गया है? यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए जिन्होंने औरंगजेब की कब्र खोदी.' मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसते हुए राउत ने कहा, 'उन्हें सपने में संताजी धानाजी की तरह संजय राउत दिखाई देते हैं. मैं कहता हूं कि कैबिनेट में शामिल भाजपा के मंत्री मानसिक रूप से बीमार हैं. उनका इलाज सरकारी खर्च पर होना चाहिए. उनकी मानसिक बीमारी की जांच होनी चाहिए क्योंकि मंत्री जिस तरह से बोलते हैं

# बिजली बिल और राशन कार्ड अवैध कब्जे का अधिकार नहीं देते, बॉम्बे हाई कोर्ट बोला- ये हरकतें जबरन वसूली का तरीका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



- हाई कोर्ट ने अंधेरी के तबेलेवालों को राहत देने से किया इंकार
- कोर्ट ने कहा- याचिकाकताओं की हरकतें जबरन वसूली का तरीका
- अतिक्रमण वाली जगह पर एसआरए का प्रॉजेक्ट

मुंबई : बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में साफ किया है कि बिजली बिल, राशनकार्ड और म्युनिसिपल टैक्स बिल सहित अन्य दस्तावेज अवैध कब्जा करने वाले को जमीन पर किसी भी तरह का अधिकार नहीं देते हैं। कोर्ट ने अंधेरी के वसोर्वा इलाके में 1960 के पहले के तबेलेवालो को राहत देने से इंकार करते हुए यह फैसला सुनाया है।इटउ ने अक्टूबर 2024 में तबेलेवालों को स्थान खाली करने का नोटिस जारी किया था और उनके मवेशियों को जब्त किया था। इसके खिलाफ तबेला संचालकों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि बीएमसी का नोटिस वैध है। पहले कोर्ट ने याचिकाकताओं पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाने की बात कही, लेकिन बाद में उनके वकील के अनुरोध पर जुमार्ना नहीं लगाया।

## 'झोपड़पट्टी सिर्फ संरक्षित स्ट्रक्चर'

कोर्ट ने फैसले में याचिकाकताओं के अड़ियल रुख पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकताओं के स्ट्रक्चर मुंबई की ऐसी झोपड़पट्टी है। जिन्हें राज्य सरकार ने संरक्षित (प्रोटेक्टेड) स्ट्रक्चर माना है। यह स्ट्रक्चर अतिक्रमण के कृत्यों से पैदा हुए हैं। अतिक्रमण वाली जगह पर एसआरए का प्रॉजेक्ट चल रहा है।

## 195 तबेलेवालो को भेजा गया नोटिस

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता अच्छी तरह से जानते है कि डिवेलपर हर महीने भारी वित्तीय नुकसान उठा रहा है। प्रोजेक्ट में देरी से यह अव्यवहारिक हो जाएगा। इससे याचिकाकताओं की कोई हानि नहीं होगी। मामले में सिर्फ याचिकाकताओं के तबेलों को निशाना बनाने के तर्क में कोई दम नहीं है, क्योंकि बीएमसी ने 274 तबेले वालों में से 195 तबेलेवालो को नोटिस भेजा है।

## 'याचिकाकताओं ने एसआरए योजना की बात छिपाई'

इस बीच बेंच ने कहा कि याचिकाकताओं ने इस बात को छिपाया है कि वे एसआरए योजना का हिस्सा है। वे अपात्र पाए गए है। योजना क्षेत्र के कुल 426 स्ट्रक्चर में से 403 स्ट्रक्चर पात्र मिले है। ज्यादातर स्ट्रक्चर गिराए जा चुके है और लोग दूसरी जगह शिफ्ट हो गए है। अथॉरिटी ने 11 स्ट्रक्चर खाली करने का निर्देश दिया है। इसमें से 5 स्ट्रक्चर याचिकाकताओं के है।

बेंच ने कहा कि मौजूदा सहित कई मामलों में देखा गया है कि याचिकाकताओं जैसे व्यक्तियों को लगता है कि यदि वे प्रोजेक्ट से निकलने वाले अंतिम व्यक्ति होंगे तो डिवेलपर से अधिक लाभ ले सकेंगे। बेंच ने उस तर्क पर सहमति जाहिर की ऐसे व्यक्ति न किसी सहानुभूति के पात्र है और न ही कोई उन्हें कोई अतिरिक्त मुआवजा मिलना चाहिए।

खुलासा — दिशा सालियान केस में नारायण राणे का नया खुलासा

# आदित्य ठाकरे का नाम न लेने के लिए उद्धव ने किया था मुझे दो बार कॉल किया

- नारायण राणे ने आदित्य ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए
- दिशा सालियान केस में सबूतों की कमी नहीं थी, दावा राणे का।
- आदित्य ठाकरे ने इसे राजनीतिक साजिश बताया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूतकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले को लेकर बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने बड़ा खुलासा किया है। शनिवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राणे ने कहा कि आदित्य ठाकरे का नाम नहीं लेने के लिए उद्धव ठाकरे ने उन्हें दो बार फोन किया था। राणे ने आगे दावा किया कि दिशा सालियान मामले में उस समय पुलिस के पास पर्याप्त सबूत थे, लेकिन उनको अरेस्ट नहीं किया। दिशा सालियान के परिवार पर दबाव बनाया गया, पोस्टमार्टम के समय डॉक्टर बदला गया। दबाव की वजह की दिशा के पिता सामने नहीं हैं। पुलिस के पास सब सबूत हैं। हमारे पास जो सबूत हैं वो जरूरत पड़ने पर हम सब पुलिस को देंगे। वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा है कि यह उन्हें बदनाम करने की साजिश है।

राणे ने कहा कि दिशा सालियान की घटना के बाद मैं बांद्रा क्रॉस कर रहा था। उसी समय मुझे उद्धव ठाकरे के पीए मिलिंद नार्वेकर का फोन आया। नार्वेकर ने मुझसे कहा कि आपसे साहब बात करना चाहते हैं। फोन पर उद्धव ने मुझसे कहा कि आपके भी बच्चे हैं। आपके बेटे (नितेश -नीलेश राणे) लगातार आदित्य ठाकरे का नाम ले रहे हैं, उन्हें मना कर दीजिए कि वो आदित्य का नाम नहीं ले। ठाकरे ने कहा कि आपके (नारायण राणे) बच्चे भी अभिनेता डिनो मारियो के घर पर क्या करते हैं। मुझे सब मालूम है, लेकिन बताऊंगा नहीं। दूसरी बार अस्पताल की परमिशन के वक्त उद्धव ने कॉल पर कहा कि अब भी उनके बेटे आदित्य का नाम ले रहे हैं।

## पुलिस से न्याय नहीं मिला तभी तो कोर्ट गए

इतने दिनों बाद दिशा सालियान के पिता के कोर्ट जाने के बाबत सवाल पूछने पर राणे ने कहा कि पुलिस से उन्हें न्याय नहीं मिला तभी तो वे कोर्ट गए हैं। मुंबई की तत्कालीन महापौर दिशा के घर पर जाकर क्या करती थी, भला उनका क्या काम था। रही बात कोर्ट की, तो जो फैसला आएगा वह आएगा, फिलहाल इस मामले में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करनी चाहिए।

आदित्य ने कहा, मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रहीआदित्य ठाकरे ने एक बयान में कहा कि पिछले 5 सालों में कई लोगों ने मुझे बदनाम करने की कोशिश की है। अगर मामला कोर्ट में है, तो हम कोर्ट में अपनी बात रखेंगे।

# किसानों के लिए गुड न्यूज! प्याज का निर्यात अब बेरोकटोक, केंद्र ने एक्सपोर्ट शुल्क हटाया, सरकार का बड़ा फैसला

- केंद्र ने 1 अप्रैल से कांदे पर 20% निर्यात शुल्क हटाया
- किसानों ने सफल आंदोलन के बाद लासलगांव बाजार में मनाई खुशियां
- महाराष्ट्र का कांदा उत्पादन देश का 60% है, निर्यात में भी आगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः कांदे से 20 % निर्यात शुल्क हटाने के लिए महाराष्ट्र के किसान लगातार आंदोलन कर रहे थे। शनिवार को उनका आंदोलन सफल हो गया जब केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से 20 % निर्यात शुल्क पूरी तरह से हटाने का ऐलान किया। केंद्र सरकार के इस निर्णय का उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने स्वागत करते हुए कहा कि हमारे कांदे किसानों के लिए यह बड़ी राहत है। मुंबई व लासलगांव एपीएमसी मार्केट के डायरेक्टर जयदत्त होलकर कहते हैं कि इस साल कांदे की बंपर फंसल हुई है। निर्यात ड्यूटी हटाने से सबसे ज्यादा फायदा हमारे महाराष्ट्र के किसानों को ही होगा।

## कांदा बाजार में मनाई गई खुशियां

कांदे की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने के लिए भारत सरकार ने शुरूआत में निर्यात पर 40 प्रतिशत ड्यूटी लगा दी थी, जिसका भारी विरोध हुआ। किसान सड़क पर उतर गए। मंत्रालय से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर चला लेकिन सरकार ने 40 प्रतिशत ड्यूटी वापस नहीं ली। घरेलू बाजार में जब कांदे की कीमतें गिरने लगी तब केंद्र सरकार ने 40 से में 20 प्रतिशत ड्यूटी वापस ली। इस 20 प्रतिशत ड्यूटी हटाने के लिए महाराष्ट्र के किसानों ने सड़क जाम किया, पानी की टंकी पर आंदोलन किया, एपीएमसी के गेट पर ताले लगाकर एपीएमसी बंद किया। शनिवार को इन सभी आंदोलन पर विराम लग गया। एशिया की सबसे बड़ी लासलगांव कांदा बाजार में खुशियां मनाई गई।सबसे बड़ा निर्यातक महाराष्ट्रदेश में कुल कांदा उत्पादन में 60 प्रतिशत सिर्फ महाराष्ट्र में होता है इसलिए निर्यात भी सबसे ज्यादा महाराष्ट्र से होता है इसलिए जब कांदे के निर्यात पर ड्यूटी लगाई गई तक बससे ज्यादा भी विरोध महाराष्ट्र से हुआ।

# खारेगांव की एक सामाजिक संस्था के पदाधिकारी भाजपा में शामिल




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , खारेगांव में जनस्वराज्य कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य भाजपा में शामिल हुए हैं भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे की मौजूदगी में कल भाजपा कार्यालय में प्रवेश हुआ। इन पदाधिकारियों का स्वागत जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने किया।भाजपा के कोंकण स्नातक शाखा समन्वयक सचिन बी. मोरे ने पदाधिकारियों के प्रवेश के लिए प्रयास किया। जनस्वराज्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष राजन पाटील, कार्यकारी अध्यक्ष मंजीत जाधव, सचिव राहुल पाटील, कोषाध्यक्ष अमित नाईक, सदस्य किरण पाटील, जगदीश पाटील, डॉ. शैलेश शुक्ला, परमेश्वर शेगर, अतुल शेंडगे, विजय पटेल, हेमंत पाटील आदि उपस्थित थे। कलवा-मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र के कलवा, खारेगांव, पारसिक नगर क्षेत्रों में जनस्वराज्य कल्याण ट्रस्ट के माध्यम से शिव जयंती समारोह, पर्यावरण दिवस, स्वास्थ्य शिविर, जरूरतमंद छात्रों को सहायता आदि गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इस पार्टी प्रवेश कार्यक्रम के दौरान अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अमर शहीद हेमू कालाणी भारतीय स्वतन्त्रता आंदोलन के महान शख्सियत थे - जगदीश तेजवानी

**हेमू कालाणी भारत माता के सच्चे सपूत थे, भारत की आजादी में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती 23 मार्च के उपलक्ष में उनको याद करते हुए और उनके सम्मान में आदरांजलि सभा का आयोजन उल्हासनगर क्रमांक 4 के फाउंटेन पार्क में किया गया। जहाँ कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पण कर उन्हें याद किया। शहीद हेमू कालाणी का जन्म अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत वाले दिन 23 मार्च 1923 को ही हुआ था। 7 वर्ष की अल्पायु से ही इन्होंने अंग्रेजी सरकार के विरोध में झंडा बुलंद कर दिया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में




इन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। 1942 में अंग्रेजी सरकार की हथियारों से भरी गाड़ी को लूटने के जुर्म में इन्हें कैद कर लिया गया था। अंग्रेजी सरकार ने इन्हें अपने सहयोगियों का नाम बताने के एवज में इन्हें रिहा करने की शर्त रखी थी लेकिन इन्होंने इस शर्त को ठुकरा दिया तो अंग्रेजी हुकूमत ने इन्हें 21 जनवरी 1943 को फांसी के फंदे पर लटका दिया। इस अवसर पर उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी

महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरमानी ,सुन्दर डंगवानी ,सिंधु राजपाल, दीपक वाटवाणी , रमेश दया रमानी, प्रकाश गुरनानी, महेश पुरसवानी सहित कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शामिल होकर उनके आजादी के जज्बे को सराहा व उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आपस में एकता व देशप्रेम की भावना के साथ रहने का प्रण लिया।

फास्ट ट्रैक

# दबंगों ने दौड़ा-दौड़ाकर परिवार को पीटा

## शाहजहांपुर में गाली-गलौज का विरोध करने पर बरसाए लाठी-डंडे, 5 लोग घायल

शाहजहांपुर, थाना रोजा क्षेत्र के हथौड़ा गांव में दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला किया है। गीता देवी अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के घर से अपने लौटी थीं। इसी दौरान कुछ दबंग उनके घर के बाहर गालियां दे रहे थे। गीता देवी और उनके परिवार ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो दबंग अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर आ गए। आरोपियों ने परिवार पर हमला कर दिया। पीड़ित परिवार के लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। दबंगों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस हमले में परिवार के पांच लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित परिवार के घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ दिन पहले दबंगों की भैंस मर गई थी। तभी से वे गाली-गलौज कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# वेलर्स से एक किलो चांदी की लूट

## बाइक सवार तीन बदमाशों ने असलहा दिखाकर की वारदात, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, खामपार थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने आभूषण व्यापारी से एक किलोग्राम चांदी लूट ली। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सलेमपुर के टीचर कॉलोनी निवासी राजीव कुमार वर्मा की बंगरा बाजार टेंपो स्टैंड के पास दुकान है। वह विशाल ज्वेलर्स सलेमपुर से चांदी के जेवर लेकर अपनी दुकान जा रहे थे।

पकड़ी बाबू बंगरा मार्ग पर भठवा तिवारी गांव के पास आयुष्मान पब्लिक स्कूल के सामने बदमाशों ने उन्हें रोका। बदमाशों ने व्यापारी को धक्का देकर गिराया और असलहा दिखाकर डिग्गी में रखे चांदी के गहने लूट लिए। घटना की सूचना मिलते ही खामपार और भाटपार रानी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस भठवां तिवारी और नेटुआबीर बखरी चौराहों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। खामपार थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और एसओजी की टीम बिहार बॉर्डर इलाके में दबिश दे रही है। घटना के बाद क्षेत्र के कारोबारियों में दहशत का माहौल है।



# शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को नमन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , देश की आजादी के लिए शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्य तिथि के अवसर पर आज उन्हें याद किया गया। सरकारी कार्यालयों में उनकी तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ठाणे जिला परिषद, ठाणे मनपा, नवी मुंबई मनपा जैसे कार्यालयों में उन्हें याद किया गया। ठाणे जिला परिषद के पशुपालन विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारी एस एस चवाथे, शिक्षा एवं महिला एवं बाल कल्याण विभाग के विस्तार अधिकारी, सिपाही सुरेश शिंदे, साथ ही जिला परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारतीय नौसेना परीक्षा में ठाणे के सुपुत्र नितेश प्रथम क्रमांक पर




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भारतीय नौसेना की कठिन परीक्षा में ठाणे के सुपुत्र नितेश सुनील साल्वी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पूरे भारत में केवल चार विद्यार्थी ही नेवी की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें नितेश साल्वी भारत आने वाले पहले व्यक्ति हैं। इस उपलब्धि के लिए उनकी प्रशंसा हो रही है। ठाणे में रहने वाली नितेश सुनील साल्वी बचपन से ही साहसी और बहादुर रही हैं। साथ ही उनमें विद्वता भी कूट-कूट कर भरी है। पूरे भारत से 10 छात्रों का चयन भारतीय नौसेना परीक्षा के लिए किया गया, इसमें नितेश भी शामिल था। केवल चार विद्यार्थी ही परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे बढ़े। नौसेना की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के बाद नितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे भारत में नितेश के प्रथम क्रमांक पर आकर अपने माता-पिता का नाम बढ़ाया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, पिता गंभीर घायल




मिर्जापुर, जिगना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। नयेपुर पाली संपर्क मार्ग पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 22 वर्षीय गुड्डू की मौके पर मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार 65 वर्षीय पिता शहाबुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब पिता-पुत्र जिगना से अपने घर सुरवा दलापुर लौट रहे थे। दोनों प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। चकिया के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल शहाबुद्दीन को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गुड्डू को स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर सुनते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# ब्रह्मदेव जागरण मंच की बैठक में ब्राह्मण हितों को लेकर चिंतन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ), मान्धाता क्षेत्र खरगीपुर स्थित सनराइज इंटरमीडिएट कॉलेज में ब्रह्मदेव जागरण मंच के तत्वाधान में ब्राह्मण हित चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में राजनैतिक व सामाजिक रूप से ब्राह्मण को लेकर की जा रही टीका टिप्पणी पर चिंता जाहिर की गई। ब्रह्मदेव जागरण मंच के तत्वाधान में ब्राह्मण हितों को लेकर चिंतन गोष्ठी में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार प्रस्तुत किया।भाजपा नेता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी ने कहा ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से आज ब्राह्मण हित चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। समय-समय पर इस तरह के आयोजन होने चाहिए। समाज के विकास के लिए समाज के पुनरोत्थान के लिए और समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए इस तरह की चिंतन गोष्ठी का समय-समय पर आयोजन किया जाएगा।आज कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई आने वाले समय में पंचायत के चुनाव है जहां बड़ी संख्या में विप्र बंधु अपनी दावेदारी पेश करेंगे विप्र समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर एक बार फिर से हमें अपनी विरासत के पुनरोत्थान के लिए कार्य करना है इस कार्यक्रम में ब्रह्मदेव जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष यहां मौजूद रहे और सब ने यही बात दोहराई है कि समाज का विकास हमारे लिए प्रमुख विषय है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ब्रह्म देव जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र नाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश द्विवेदी, भाजपा नेता विंदेश्वरी प्रसाद तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी, लल्लू तांत्रिक, आलोक बैरागी, सुनील प्रभाकर,वेद प्रकाश दुबे,राज कुमार शुक्ल , ज्ञान प्रकाश शुक्ला, सत्य प्रकाश शुक्ला, जवाहरलाल शुक्ल, हरिकेश दुवे, शम्भू नाथ मिश्रा, विष्णु प्रसाद मिश्र, गंगा प्रसाद पाण्डेय, रबींद्रनाथ मिश्रा,राज कुमार मिश्र, गिरीश मिश्र, अंजनी कुमार दुबे, मुन्ना मिश्रा, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, बृज भूषण दुवे, अद्वैत दशरथ तिवारी पत्रकार मौजूद रहे



# निगोही में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव

- 40 निपुण छात्र-छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र, शिक्षकों के योगदान की सराहना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, निगोही ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षा विभाग द्वारा 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक सलोन कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं की शिक्षा में किए जा रहे योगदान की सराहना की। साथ ही, वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की। शिक्षा विभाग के निपुण छात्र-छात्रा अभियान के तहत 40 मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीआरपी ममता शुक्ला, शिक्षक नेता महेंद्र सिंह के साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।



# 6.5 करोड़ की हेरोइन जब्त

- मुठभेड़ में एक तस्कर और पुलिसकर्मी घायल, तीन आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6.5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। कोतवाली कटरा, थाना राजगढ़ और एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम ने तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी नन्हें कसेरा पर पहले से 6 मुकदमे दर्ज हैं। वह तुलसी चौक थाना कोतवाली कटरा का रहने वाला है। शनिवार को पुलिस ने नन्हें समेत तीन तस्करों को पकड़ा। पूछताछ में नन्हें ने और मादक पदार्थ छिपाने की जगह बताई। पुलिस टीम उसे बताए गए स्थान पर ले गई, तो नन्हें ने वहां पहले से छिपाए रखे हथियार से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली नन्हें के दाहिने पैर में लगी। घायल नन्हें को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की, जिसकी कीमत लगभग 6.5 करोड़ रुपये आंकी गई है।



# विहिप की जिला योजना बैठक में रामजन्मोत्सव की तैयारी

## मिर्जापुर में प्रशिक्षण वर्ग और संगठन मजबूती पर हुई विस्तृत चर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर के इमलहा नाथ स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में जिला योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री नितिन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष माता सहाय ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रामजन्मोत्सव को भव्य बनाने की योजना पर विशेष चर्चा हुई।

इसमें परिषद वर्ग, बजरंग दल, शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति वर्ग और दुगार्वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। खंड समिति, बलोपासना, साधना शक्ति, मिलन केंद्र और सत्संग संचालन के विषय में भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में दिवंगत कार्यकताओं के परिजनों की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष विद्याभूषण दूबे, विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल, विभाग संगठन मंत्री अमित, विभाग संयोजक प्रवीण समेत जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री और संयोजक भी उपस्थित थे।




# साइबर ठगों ने व्यक्ति को लगाया 27 लाख का चूना

## वाट्सएप कॉल से शुरू हुआ फ्रॉड, टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर किया शिकार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को निवेश के नाम पर 27 लाख रुपये की चपत लगा दी। आवास विकास कालोनी के रहने वाले पीड़ित के पास पहले वाट्सएप पर एक कॉल आई। कॉल करने वाली दिव्या नाम की महिला ने मार्केटिंग और एडवर्टाइजिंग से जुड़ी एक निवेश योजना बताई। उसने शुरूआत में पीड़ित से 10 हजार रुपये का निवेश कराया। इसके बाद पीड़ित को एक टेलीग्राम ग्रुप 'डी कॉमर्स' में जोड़ा गया। इस ग्रुप में करीब 60 सदस्य थे। ग्रुप में मौजूद तीन अलग-अलग लोगों ने पीड़ित से संपर्क किया। उन्होंने 28 लाख 85 हजार रुपये जल्द वापस करने का झांसा दिया। धीरे-धीरे आरोपियों ने पीड़ित से कुल 27 लाख 21 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद उन्होंने पीड़ित को ग्रुप से ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर साइबर क्राइम पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई और अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# रेलवे जमीन से काटे गए पेड़ आरपीएफ ने किए बरामद



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, रेलवे की जमीन से पेड़ चोरी के मामले में आरपीएफ ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की लकड़ी और ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की गई है। घटना थाना सदर बाजार के मोक्षधाम के पास की है। होली से पहले रेलवे के छह पेड़ काटे गए थे। माफिया इन पेड़ों को बेचने के लिए ले जा रहे थे। आरपीएफ की कार्रवाई से बचने के लिए माफिया ने लकड़ी को शहर के एक बड़े नेता की जमीन पर रख दिया। आरपीएफ ने कोर्ट से वारंट लेकर कार्रवाई की। जब माफिया नेता की जमीन से पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्राली में लेकर निकले, तो आरपीएफ ने उनका पीछा किया। इस दौरान आरोपियों ने आरपीएफ जवानों को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास भी किया। गिरफ्तार आरोपियों में अवनीश मिश्र, प्रशांत शुक्ला, सागर मिश्र, बादशाह, राजपाल और महादेव शामिल हैं। एक जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि सरोज वर्मा समेत छह अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# इजराइली हवाई हमले में हमास के पॉलिटिकल लीडर की मौत

## पत्नी की भी जान गई; जंग के 17 महीनों में गाजा में 50 हजार मौतें

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल के हवाई हमले में हमास के टॉप पॉलिटिकल लीडर सलाह अल-बदावील और उसकी पत्नी की मौत हो गई है। हमास ने रविवार सुबह इसकी पुष्टि की है। हमला दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में हुआ था। गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, बीते 24 घंटे में इजराइली हमले में 41 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि 61 घायल हुए हैं। इसके साथ ही 17 महीने से जारी जंग में जान गंवाने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 50 हजार से ज्यादा हो गई है। वहीं, घायलों का आंकड़ा 1,13,274 पहुंच गया है। इजराइल ने शनिवार रात लेबनान में कई जगहों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 7 लोगों की मौत हुई। इजराइल ने ये हमले लेबनान से दागे गए रॉकेट के जवाब में किए। पिछले 4 महीने से हिजबुल्लाह के साथ जारी सीजफायर के बाद इजराइल का यह पहला बड़ा हमला था। हिजबुल्लाह ने बयान जारी कर बताया कि उसने इजराइल पर रॉकेट नहीं दागे हैं और सीजफायर का पालन कर रहा है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने



बताया कि लेबनान बॉर्डर के पास मेटुला शहर से 6 रॉकेट दागे गए थे। इनमें से 3 इजराइल में दाखिल हुए, जिन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया गया। आईडीएफ के मुताबिक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन उसने हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर और दर्जनों रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया है। पिछले हफ्ते मंगलवार को इजराइल ने सीजफायर तोड़ते हुए गाजा में दोबारा हमले शुरू किए थे। इन हमलों में लगभग 600 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना ने कहा कि वह गाजा सिटी के तीन इलाकों में नए हमले की योजना बना रही है और फिलिस्तीनियों को वहां से निकलने की चेतावनी दी गई है। इजराइल ने हमास की कैद में मौजूद 59 बंधकों की रिहाई तक गाजा में हमले तेज करने का आदेश दिया है। इन बंधकों में से 24 जिंदा है। इससे पहले दोनों के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। इसमें बंधकों की रिहाई की डील हुई थी। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक रॉकेट हमलों के जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में जवाबी कार्रवाई करने के लिए कहा है। इसके लिए दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाने का आदेश दिया गया है। वहीं लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने भी सेना को जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। हालांकि नवाफ ने साफ किया कि देश वापस जंग नहीं चाहता है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए के मुताबिक, इजराइली हमले में दक्षिणी लेबनान के टूलिन गांव में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है, जबकि 10 अन्य घायल हुए। हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद हिजबुल्लाह ने इजराइल पर मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे। सितंबर में यह टकराव जंग में बदल गया, जब इजराइल ने बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह के कई सीनियर नेताओं को मार गिराया। इस संघर्ष में लेबनान में 4,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 60,000 इजराइली विस्थापित हुए।

युद्धविराम समझौते के तहत इजराइल को जनवरी के अंत तक लेबनान के सभी इलाकों से हटना था, लेकिन इस समय सीमा को बढ़ाकर 18 फरवरी कर दिया गया।

हालांकि, इजराइल ने अभी भी लेबनान की 5 जगहों पर मौजूदगी बनाई हुई है। लेबनान ने संयुक्त राष्ट्र से इजराइल को पूरी तरह वापस बुलाने के लिए दबाव बनाने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरिम सेना ने भी संभावित हिंसा बढ़ने को लेकर चिंता जताई है और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

# न्यू मेक्सिको के लास क्रूसेस शहर के यंग पार्क में कार शो के दौरान गोलीबारी

## तीन लोगों की मौत, 15 घायल

एजेंसी

लास क्रूसेस। न्यू मेक्सिको के लास क्रूसेस शहर में एक पार्क में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और अग्निशमन दल घटना के बाद शुक्रवार रात करीब 10 बजे शहर के यंग पार्क में पहुंचे।

पार्क में कार शो आयोजित किया गया था और उसमें लगभग 200 लोग इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने बताया कि इस कार शो के लिए अनुमति नहीं ली गई थी। उसने बताया कि पीड़ितों का पहले घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और फिर उन्हें उपचार के लिए





अस्पतालों में भेजा गया। लास क्रूसेस पुलिस प्रमुख जेरेमी स्टोरी ने बताया कि पार्क के एक बड़े हिस्से में 50 से 60 खोखे बिखरे हुए मिले हैं, जिससे


> पुलिस ने बताया कि इस कार शो के लिए अनुमति नहीं ली गई थी। उसने बताया कि पीड़ितों का पहले घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और फिर उन्हें उपचार के लिए अस्पतालों में भेजा गया। लास क्रूसेस पुलिस प्रमुख जेरेमी स्टोरी ने बताया कि पार्क के एक बड़े हिस्से में 50 से 60 खोखे बिखरे हुए मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि कई लोगों ने कई अग्नेयास्त्रों से गोलीबारी की।

प्रतीत होता है कि कई लोगों ने कई अग्नेयास्त्रों से गोलीबारी की। पुलिस को संदेह है कि ये दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना है जिसमें तीन लोग मारे गए और 15 लोग घायल हो गए। मृतकों में 19 साल के दो युवक और 16 साल का एक किशोर शामिल है। पुलिस ने मृतकों और घायलों के नाम फिलहाल उजागर नहीं किए हैं। शहर के इस पार्क में हालांकि अवैध कार शो होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन पहले क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी अधिक रहती थी। लास क्रूसेस के दमकल विभाग के प्रमुख माइकल डेनियल ने बताया कि घायलों को तीन स्थानीय अस्पतालों और एल पासो के यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया।

लास क्रूसेस सिटी काउंसलर जोहाना बेनकोमो ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में इस घटना पर दुख व्यक्त किया।

# नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी कनाडाई संसद में शामिल होने के लिए चुनाव लड़ेंगे

## लिबरल पार्टी ने घोषणा की



> लिबरल पार्टी ने कहा कि कार्नी ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओटावा वह जगह है जहां कार्नी ने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपना करियर सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया। वह कनाडा के केंद्रीय बैंक के प्रमुख के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

एजेंसी

कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पहली बार संसद सदस्य बनने के लिए ओटावा क्षेत्र के एक जिले से चुनाव लड़ेंगे। लिबरल पार्टी ने शनिवार को यह घोषणा की। कार्नी देश में मध्यावधि आम चुनाव की संभवतः रविवार को घोषणा करेंगे जिसके लिए मतदान 28 अप्रैल को होने की संभावना है। यह चुनाव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पैदा किए गए संप्रभुता को खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में होगा। लिबरल पार्टी ने कहा कि कार्नी ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओटावा वह जगह है जहां कार्नी ने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपना करियर सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया। वह कनाडा के केंद्रीय बैंक के प्रमुख के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। हाउस ऑफ कॉमन्स की 343 सीट या जिलों के लिए चुनाव प्रचार 37 दिन तक चलेगा।

पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी ने 14 मार्च को कनाडा के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। कार्नी (59) ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की जगह ली। ट्रूडो ने जनवरी में अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। इस साल संभावित चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की हार की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन ट्रंप ने शुल्क के रूप में आर्थिक युद्ध की घोषणा कर दी और पूरे देश को 51वें प्रांत के रूप में अमेरिका में मिलाने की चेतावनी दी। अब इन बदले समीकरण के कारण लिबरल पार्टी को चुनाव में बढ़त मिलने के दावे किए जा रहे हैं। ट्रंप ने कनाडा के इस्पात और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है तथा दो अप्रैल से सभी कनाडाई उत्पादों पर भारी शुल्क लगाने की घोषणा की है।

# गुजरात के पिता-बेटी की अमेरिका में हत्या

## शराब स्टोर खोलते ही आरोपी ने दोनों पर की फायरिंग, 7 साल पहले यूएस शिफ्ट हुआ था परिवार

एजेंसी

अमेरिका, अमेरिका के वर्जीनिया में एक भारतीय मूल के पिता और बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक प्रदीप पटेल (56) और उनकी बेटी उर्वी (24) एक स्टोर में काम करते थे। प्रदीप और उर्वी ने स्टोर खोला ही था कि तभी एक अश्वेत शख्स ने दोनों पर गोलीबारी की और फरार हो गया। प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उर्वी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि वारदात वाले दिन आरोपी पूरी



रात स्टोर के बाहर बैठा रहा था। सुबह स्टोर खुलते ही अंदर दाखिल हुआ और दोनों पर फायरिंग कर दी। वारदात के दो घंटे बाद ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, हत्या के आरोपी जॉर्ज फ्रेजियर ने पूछताछ में बताया कि वह रात में शराब लेने आया था, लेकिन स्टोर बंद था। वह इसी बात से गुस्सा था कि स्टोर रात में क्यों नहीं खुला था। इसीलिए वह रात भर स्टोर के बाहर बैठा रहा और सुबह दोनों को गोली मार दी। प्रदीप पटेल मूल रूप से गुजरात में महेसाणा जिले के कनोदा गांव के रहने वाले थे। यहां वे इलेक्ट्रॉनिक शॉप चलाते थे। 7 साल पहले पत्नी हंसाबेन और बेटी उर्वी के साथ वे अमेरिका में बस गए थे। वे और उनकी बेटी वर्जीनिया में एक स्टोर में काम करते थे। स्टोर मालिक पाटेश पटेल ने बताया कि प्रदीप मेरे चचेरे भाई हैं। मेरा स्टोर प्रदीपभाई और उर्वी ही संभालते थे। गुरुवार सुबह मुझे फोन फोन पर हादसे की जानकारी मिली। मृतक के चाचा चंदूभाई महेसाणा के कानोदा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदीपभाई के बेटी उर्वी की तीन साल पहले ही अमेरिका में रहने वाले और मूल रूप से गुजराती युवक से शादी हुई थी।

प्रदीपभाई की दूसरी बेटी अहमदाबाद और तीसरी बेटी कनाडा में रहती है।

# 'मेरा यशु यशु' वाले बजिंदर सिंह ने छोटे बच्चे के सामने महिला की पिटाई की

## वीडियो वायरल होने के बाद विवादों में घिरे



एजेंसी

'मेरा यशु यशु' गाने के साथ अपने उपदेशों के लोकप्रिय बजिंदर सिंह एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर उनके ऑफिस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे एक महिला के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। दो मिनट से ज्यादा लंबे इस वीडियो में बजिंदर को महिला पर किताब फेंकते और फिर उसके साथ मारपीट करते देखा जा सकता है। बता दें, हाल ही में बजिंदर पर एक 22 वर्षीय महिला द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो कथित तौर पर फरवरी 2025 का है। इस वीडियो में, सिंह को एक व्यक्ति पर मोबाइल फोन फेंकते हुए देखा जा सकता है, फिर उसके पास जाकर उस पर पर्स से हमला करता है। इसके बाद वह अन्य स्टाफ सदस्यों के सामने उस व्यक्ति को थप्पड़ मारता है। फुटेज में आगे, सिंह को एक महिला पर हमला करते हुए दिखाया गया है, जो अपने बच्चे के साथ उसके कार्यालय में आई थी। जब वह उसे थप्पड़ मार रहा था, तो कमरे में मौजूद अन्य लोगों ने हस्तक्षेप किया, जिससे महिला और पादरी के

> सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो कथित तौर पर फरवरी 2025 का है। इस वीडियो में, सिंह को एक व्यक्ति पर मोबाइल फोन फेंकते हुए देखा जा सकता है, फिर उसके पास जाकर उस पर पर्स से हमला करता है। फुटेज में आगे, सिंह को एक महिला पर हमला करते हुए दिखाया गया है, जो अपने बच्चे के साथ उसके कार्यालय में आई थी।

बीच तीखी नोकझोंक हुई। वायरल वीडियो कपूरथला पुलिस द्वारा यौन उत्पीड़न, पीछा करने और आपराधिक धमकी के आरोपों में सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के कुछ ही दिनों बाद सामने आया है। बता दें, एक 22 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि सिंह ने 17 साल की उम्र से ही उसके प्रति अवांछित प्रयास किए, उसे अनुचित तरीके से छुआ और यहां तक कि उस पर शादी करने का दबाव भी बनाया, जबकि वह पहले से ही शादीशुदा थी। हालांकि, पादरी ने आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि एक अन्य पादरी ने उसके खिलाफ 'कांड' की साजिश रची है। 42 वर्षीय पादरी बजिंदर सिंह, चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विजडम के संस्थापक और प्रमुख हैं, जिसके जालंधर और न्यू चंडीगढ़ में चर्च हैं, जैसा कि उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया गया है।

# लोग नहीं... नेता जातिवादी हैं : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बेबाक बयान

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि समाज में जातिगत भेदभाव खत्म होना चाहिए. उन्होंने नेताओं को जातिवादी बताया.

> उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना और अधिक रोजगार सृजित करना है. उन्होंने कहा कि देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है, लेकिन वे देश के विकास में केवल 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं.

एजेंसी

अमरावती/मुंबईः केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जातिवाद की राजनीति को लेकर बेबाक बयान दिया है. भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी ने शनिवार को कहा कि आम लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवादी होते हैं. महाराष्ट्र के अमरावती में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़ापन राजनीतिक हित बनता जा रहा है. उन्होंने कहा, इस बात की होड़ लगी रहती है कि कौन ज्यादा पिछड़ा है. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाज में असमानता को खत्म करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि समाज में जातिगत भेदभाव खत्म होना चाहिए और इसकी प्रक्रिया हमें खुद से शुरू करनी चाहिए.



### भारत की कृषि वृद्धि दर दो साल में 20 प्रतिशत होगी: गडकरी

वहीं, ही मुंबई में एक मीडिया कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा कि भारत की कृषि वृद्धि दर अगले दो वर्षों में 20 प्रतिशत रहने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना और अधिक रोजगार सृजित करना है. उन्होंने कहा कि देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है, लेकिन वे देश के विकास में केवल 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं.उन्होंने कहा कि 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और भारत को दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि बहुत महत्वपूर्ण हैं. गडकरी ने कहा, सरकार सिंचाई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर काम कर रही है. हमें दुनिया की सबसे सफल तकनीक की जरूरत है. कृषि अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में अधिक रोजगार सृजित करेगी.

### अर्थव्यवस्था के सामने मूल समस्या लॉजिस्टिक्स लागत

सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने कहा कि देश भर में 36 ग्रीन हाईवे बनाए जा रहे हैं. साथ ही बंदरगाहों को जोड़ने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाएं भी चल जा रही हैं. उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने मूल समस्या लॉजिस्टिक्स लागत है, जो 14-16 प्रतिशत है. हमें इसे 9 प्रतिशत तक लाने की जरूरत है.

# नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी में शामिल नहीं होंगे मुस्लिम संगठन

## इस बहिष्कार का बिहार विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा?

> बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। इमारत-ए-शरिया, जमात-ए-इस्लामी, जमात अहले हदीस, खानकाह मोजिबिया, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और खानकाह रहमानी ने रविवार को नीतीश द्वारा पटना में आयोजित की जा रही इफ्तार से दूरी बनाई है।



एजेंसी

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, बिहार के सात प्रमुख मुस्लिम संगठनों ने नीतीश की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। संगठनों का कहना है कि यह फैसला पूरी सूझबूझ और रणनीति के साथ लिया गया है। बता दें, नीतीश की इफ्तार पार्टी आज पटना में होनी थी। ऐसे में मुस्लिम संगठनों के इस फैसले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इमारत-ए-शरिया, जमात-ए-इस्लामी, जमात अहले हदीस, खानकाह मोजिबिया, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और खानकाह रहमानी ने रविवार को नीतीश द्वारा पटना में आयोजित की जा रही इफ्तार से दूरी बनाई है। मुस्लिम संगठनों ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'मुंह में राम और बगल में छुरी' वाली राजनीति कर रहे हैं। इमारत शरिया के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती सईदुर्रहमान ने आजतक से बातचीत में कहा, 'केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू ने समर्थन का फैसला लिया है

# बांग्लादेश ने बिम्सटेक सम्मेलन में यूनुस और पीएम मोदी की बैठक के लिए अनुरोध किया: जयशंकर

## विदेश मामलों की संसदीय समिति की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर सांसदों के सवालों का जवाब दिया.

> जयशंकर ने बैठक में यह भी कहा कि पाकिस्तान के रवैये की वजह से दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन निष्क्रिय है. इसलिए भारत बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है.

एजेंसी

नई दिल्लीः बांग्लादेश ने आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के लिए अनुरोध किया है. हालांकि, भारत सरकार अभी इस अनुरोध पर विचार कर रही है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को संसदीय समिति की बैठक में यह जानकारी दी.सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की इस साल की पहली बैठक में शनिवार को कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि इस संबंध में भारत



क्या कदम उठा रहा है. जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए.बैठक में जयशंकर ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात करेंगे.जयशंकर ने बैठक में यह भी कहा कि पाकिस्तान के रवैये की वजह से दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन निष्क्रिय है. इसलिए भारत बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है.

### बिम्सटेक सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

सूत्रों ने बताया, बैठक में जयशंकर ने संकेत दिया कि प्रधानमंत्री मोदी 2 से 4 अप्रैल तक बैंकॉक में होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्होंने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की. उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने श्रीलंका का दौरा करेंगे.यह पूछे जाने पर कि क्या पीएम मोदी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मोहम्मद यूनुस से मिलेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे.

## संक्षेप

### शहीद दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

**सुल्तानपुर में आजाद समाज सेवा समिति के कार्यकताओं ने किया प्रतिमाओं पर माल्यार्पण**

सुलतानपुर, शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। आजाद समाज सेवा समिति के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकताओं ने शहीदों के पार्कों में स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। अदालत के आदेश के अनुसार फांसी 24 मार्च को सुबह 8 बजे होनी थी। लेकिन अंग्रेजों ने एक दिन पहले ही शाम 7 बजे तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी। आज इस घटना को 94 साल पूरे हो गए हैं। आजाद समाज सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि आजादी बड़ी मुश्किल से मिली है। इसे बनाए रखना हमारा नैतिक दायित्व है। हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस मनाकर वीर सपूतों की शहादत को नमन किया जाता है।

### हसनपुर में मार्ग की स्थिति खराब

**खुर्तिया में अंबेडकर पार्क के सामने जलभराव, ग्रामीणों ने की शिकायत**

हसनपुर, तहसील के गंगेश्वरी ब्लॉक स्थित खुर्तिया गांव में अंबेडकर पार्क के सामने स्थिति चिंताजनक है। मुख्य मार्ग पर लंबे समय से जलभराव और कीचड़ जमी हुई है। इससे ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। अंबेडकर जयंती नजदीक होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। परेशान ग्रामीणों ने अब मामले को सोशल मीडिया पर उठाया है। उन्होंने जलभराव और कीचड़ का वीडियो बनाकर वायरल किया है। ग्रामीणों की मांग है कि अंबेडकर जयंती से पहले इस समस्या का समाधान किया जाए। इस मुद्दे को उठाने वाले ग्रामीणों में अंकित, रोहित, बबलू, रवि गौतम, सुनील गौतम, शिवम, हरिओम, विकास, आकाश और अरुण गौतम शामिल हैं।

### पेयजल संकट से जूझ रहा हसनपुर का सहेलियां गांव


**दो साल से बंद पड़ी पानी की टंकी, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन**

हसनपुर, तहसील के गांव सहेलिया में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। दो साल पहले बनी पानी की टंकी आज तक चालू नहीं की गई है। रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने टंकी स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री की हर घर जल योजना के तहत अन्य गांवों की टंकियों में पानी पहुंच रहा है। लेकिन उनके गांव को इस सुविधा से वंचित रखा गया है। वर्तमान में नलों से आ रहा पानी प्रदूषित है। इससे गांव में कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई।

# गाजी मियां की दरगाह पर ताला

**प्रबंधन बोला- काम के चलते लगाई गई रोक, थानाध्यक्ष बोले- मेले की सुरक्षा को लेकर गए थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, संभल के बाद अब प्रयागराज में गाजी मियां की दरगाह को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। प्रयागराज बहरिया में लगने वाले गाजी मेले पर प्रशासन ने रोक लगा दी है। यहां तक कि पुलिस ने दरगाह में भी ताला लगवा दिया है। सुबह से ही जो दुकाने खुलतीं थी उनको भी बंद करा दिया गया। दोपहर बाद जब इस विषय पर विवाद बढ़ने लगा तो पुलिस ने कहा हमने कोई ताला नहीं लगाया है। बाद में दरगाह प्रबंधन ने एक वीडियो जारी कर कहा कि दरगाह में आने जाने पर कोई रोक नहीं है। अंदर काम चलने के कारण सुबह इसे बंद किया गया था। प्रयागराज के गंगापार के सिकंदरा में स्थित गाजी मियां का रौजा काफी मशहूर है। सिकंदरा दरगाह की वजह से इसकी खासा पहचान है। गाजी मियां की दरगाह पर हर रोज के बाद गुरुवार यानि जुमेरात और रविवार को हजारों लोगों की भीड़ होती है। वैशाख माह में यहां तीन दिवसीय गाजी मियां का बड़ा मेला लगता है जहां आसपास के जिलों तक से श्रद्धालु आते हैं। अब इसी गाजी मियां की दरगाह को लेकर विवाद सामने आया है। रविवार सुबह ही एक वीडियो सामने आया जिसमें पुलिस टीम दरगाह के गेट पर ताला लगवा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस टीम ने आकर दरगाह पर ताला लगा दिया। सोशल मीडिया पर यह मामला तूल पकड़ने के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई। आनन फानन में पुलिस ने साफ किया कि दरगाह पर ताला खुद दरगाह कमेटी ने लगवाया है। इसी बीच दरगाह कमेटी के अध्यक्ष सफदर जावेद ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि दरगाह के अंदर कुछ काम चल रहा है इसलिए गाजी मियां की मजार पर ताला लगाया गया था। जबकि पूरा परिसर खुला है अन्य मजारें भी खुली हैं सभी लोग आ जा रहे हैं। परिसर पूरी तरह से खुला है। उन्होंने बताया कि गाजी मियां दरगाह करीब 300 सालों से दरगाह का इतिहास है। हमारें बाप-दादा के जमाने से रौजे की देखरेख कर रहे हैं। यह पांचवी पीढ़ी है। दरगाह परिसर अधा किलोमीटर एरिया में है। यहां प्रयागराज के अलावा उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों से जायरीन आते रहे हैं। वहीं अन्य मुस्लिमों का कहना है कि यह ऐतिहासिक दरगाह है। हिंदू-मुस्लिम एकता की वजह से यहां बड़ी संख्या में हिंदू भी आते हैं। अगर प्रशासन ने यहां ताला लगवाया है तो वह गलत है। कुछ लोगों ने आफ द रिकार्ड बताया कि रात में पुलिस ने बुलाया था कहा दरगाह बंद कर दो, कोई आयोजन नहीं होगा। ऊपर से आर्डर है इसलिए पालन करो। इसके बाद यह सिकंदरा से हट गए।

# आंखों में आंसू, हाथ में फोटो लेकर बेटे की खोज

**पिता बोले- कई दिनों से सोया नहीं मेरा बेटा, पता बताने वाले को 5000 का इनाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, मीरापुर के रहने वाले विजय सिंह हाथों में अपने इकलौते बेटे सौरभ की फोटो लेकर परिवार और रिश्तेदारों के साथ बेटे को खोज रहे हैं। लोगों को बेटे की फोटो दिखाकर पूछ रहे हैं कि शायद कोई उनके बेटे को कहीं देखा हो, तो बता दे। उनके एक हाथ में पूरी डिटेल लिखा एक पेपर है। जिस पर नाम, पता और मोबाइल नंबर आदि लिखे हैं। इस पर लिखा है कि उनके बेटे के बारे में बताने वाले को 5 हजार रुपये का इनाम भी देंगे। लेकिन पिछले चारों दिनों से अभी तक उनके बेटे का कोई पता नहीं चल सका। इसके लिए उन्होंने पुलिस को भी सूचना दे दी है। वह बताते हैं कि 20 साल के उनके बेटे का मानसिक रोग का इलाज चल रहा है। एजी ऑफिस के पास परिवार और रिश्तेदारों के साथ वह कई इलाकों और सड़कों पर फोटो दिखाते दिखे। जहां कई लोग बैठे मिले, वहां जाकर विजय कुमार अपने बेटे की फोटो दिखाते हैं। लोगों के सामने हाथ जोड़कर बेटे के बारे में इस उम्मीद में पूछते हैं कि शायद किसी ने उनके बेटे को देखा हो।

कहते हैं कि पुलिस थाने में रिपोर्ट तो दर्ज करा दी है लेकिन अभी तक कुछ नहीं पता चल सका।

# कोचिंग जाने वाली छात्रा 24 घंटे से लापता

**मिस्त्री पर शक, एक ही दिन में तीन शहरों में होने का दावा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी तहसील, अमेठी में एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा 21 मार्च की सुबह कोचिंग के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। छात्रा साइकिल से घर से निकली थी। वह रोजाना की तरह साइकिल एक जगह खड़ी करके टेंपो या बस से कोचिंग सेंटर जाती थी। कोचिंग संचालक के मुताबिक छात्रा क्लास खत्म होने के बाद वहां से निकल गई थी। कोचिंग संचालक से संपर्क किया। उन्होंने रिश्तेदारों और सहेलियों से भी पता लगाने की कोशिश की। परिजनों को घर में काम करने वाले मिस्त्री पर शक है। मिस्त्री प्रतापगढ़ का रहने वाला है। घटना के दिन वह मौके पर था। जब मिस्त्री से फोन पर पूछताछ की गई तो उसने खुद को एक ही दिन में लखनऊ, दिल्ली और अमृतसर में होने की बात कही। इससे उस पर शक और गहरा हो गया है। कोतवाली प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम छात्रा की तलाश में जुटी है। सभी संभावित ठिकानों पर छानबीन की जा रही है।

# यूपी-भारत का ग्रोथ इंजन' थीम कार्यक्रम का आयोजन

**सरकार की 8 साल की उपलब्धियों को किया जाएगा प्रदर्शित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 'यूपी-भारत का ग्रोथ इंजन' थीम पर आधारित ये कार्यक्रम 25 से 27 मार्च 2025 तक चलेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्घाटन 25 मार्च को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में होगा। जिले के प्रभारी मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार के 10 वर्षों की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां होंगी। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। किसान दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा योजना और रानी लक्ष्मीबाई योजना के लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। पुलिस विभाग सहित अन्य विभाग अपनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाएंगे। बैंक प्रतिनिधि ऋण वितरण के लिए स्टॉल लगाएंगे। स्वास्थ्य विभाग आरोग्य मेले का आयोजन करेगा। 26 और 27 मार्च को यही कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा और विकास खंड स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे।

# थाने से कुछ दूर स्थित घर में चोरी



**चोरों ने छत से घुसकर दो लाख के जेवरात और नकदी उड़ाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, रामगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गाजीपुर गांव में देर रात चोरों ने घेर्राऊ यादव के घर में छत के रास्ते प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी पेटी का ताला तोड़कर दो लाख रुपए से अधिक मूल्य के जेवरात और नकदी की चोरी कर ली। घटना के समय घर के सभी सदस्य सो रहे थे। चोरों ने इसी का फायदा उठाया। सुबह जब परिवार को चोरी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि यह घर रामगंज थाने से मात्र कुछ दूरी पर स्थित है।

# किराना दुकान में लगी आग

**सारा सामान जलकर राख, 3 लाख का नुकसान, प्रशासन से मुआवजे की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, कोतवाली क्षेत्र में एक किराना दुकान में रात को अचानक आग लग गई। यह घटना टिकरी ग्राम पंचायत के पूरे कोदई का पुरवा में है। दुकान के मालिक अंबरीष कुमार रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब वे मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोला तो अंदर रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान में रखा किराना सामान और गन्ना पूरी तरह से जल गया। इस आग से दुकानदार को तीन लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने घटना की जानकारी लेखपाल को दी है। साथ ही प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इसके बाद प्रभावित दुकानदार को उचित मदद दी जाएगी।

# 77 हजार के नकली नोट पकड़े

**देखने में बिल्कुल असली जैसे हैं नोट, आरोपी बांग्लादेश से लेकर आते थे करेंसी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, रोरावर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से 77 हजार रुपए के नकली नोट भी बरामद किए हैं। पुलिस को आरोपियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद रोरावर पुलिस और एसओजी टीम ने मौके पर जाकर छापेमारी की। पुलिस ने आरोपियों गोंडा रोड हाईवे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेश से नकली नोट लेकर आते थे और इसे सप्लाई करते थे। पुलिस ने नकली नोट का काम करने वाले कासगंज के थाना गंजगुंडवारा के गांव गनेशपुर निवासी जिकरुल हसन उर्फ रॉकी पुत्र अहमद हसन और बारिक पुत्र शहजाद शेख को गिरफ्तार किया है। दोनों के साथ अलीगढ़ के रोरावर थाना शाहजमाल निवासी नाजिम पुत्र यूनूस अल्वी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लंबे समय से नकली नोट का काम कर रहे थे। वह कम रुपए देकर यह नोट लाते थे और फिर इसे दुकानों पर धीरे-धीरे चलाते थे। इसके अलाव वह इन नोटों को सप्लाई भी करते थे। जिससे उन्हें मुनाफा होता था। इस मुनाफे के रुपए से वह दुबारा नकली नोट लेकर आते थे और यह चक्र चलता रहता था। आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि वह बांग्लादेश से नकली नोट खरीदते थे। बांग्लादेश निवासी अबू जलाल नाम के व्यक्ति से नकली नोट खरीदते थे। बांग्लादेश से खरीदे गए यह नोट मालदा के रास्ते अलीगढ़ आते हैं। इसमें पश्चिम बंगाल के कुछ लोग भी शामिल हैं, जिनके माध्यम से यह पूरा नेटवर्क संचालित होता है। एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि अलीगढ़ में कई बार नकली नोट पकड़े गए हैं। लेकिन अब से पहले पकड़े गए नोटों में फर्क बताना काफी आसान है। कई नोट राष्ट्रीय मनोरंजन बैंक लिखे हुए भी रहे हैं। लेकिन इन आरोपियों से बरामद नोट हूबहू असली जैसे हैं। आरोपियों से बरामद नकली नोटों को देखकर फर्क बताना काफी मुश्किल है।

# ग्राम प्रधान पर 26 लाख के गबन का आरोप

**मनरेगा में बड़ा घोटाला, मेनका गांधी के कराए काम को बताया अपना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कुड़वार ब्लॉक के बसंतपुर तिवारीपुर में मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है। ग्राम प्रधान कुमुद शर्मा पर 26 लाख रुपए के सरकारी धन के गबन का आरोप है। ग्रामीणों ने अयोध्या मंडल के आयुक्त को इसकी शिकायत की है। शिकायतकर्ता राकेश कुमार के अनुसार, प्रधान ने बिना कार्य कराए ही धन निकाल लिया। सबसे बड़ा घोटाला बंधा निर्माण में हुआ। प्रधान ने इस मद से 20 लाख रुपए निकाले। यह वही बंधा है जिसका निर्माण 2020-21 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने शारदा सहायक खंड 16 सिंचाई विभाग से करवाया था। प्रधान पर कई अन्य फर्जी कार्यों के लिए भी पैसे निकालने के आरोप हैं। मडहा स्कूल से तिवारीपुर तक बंधा निर्माण के नाम पर 5.61 लाख रुपए निकाले। पक्की सड़क से तिवारीपुर तक बंधा निर्माण के लिए 10.81 लाख रुपए का भुगतान कराया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर मिट्टी पटाई के नाम पर भी रकम निकाली गई। प्राथमिक पाठशाला में 1.12 लाख, पक्की सड़क से तीरगांव बॉर्डर तक 4.75 लाख, देवता के खेत से जगन्नाथ के खेत तक 94 हजार, पक्की सड़क से तालाब तक 1.23 लाख और पक्की सड़क से प्राइमरी स्कूल तक 1.35 लाख रुपए निकाले गए। शिकायत के बाद प्रधान खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# स्मृति ईरानी का जन्मदिन तिलोई में धूमधाम से मनाया

**हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद काटा केक, भाजपा कार्यकताओं ने लगाए जयकारे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



तिलोई , हनुमान गढ़ी मंदिर में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन समारोह मनाया। कार्यक्रम में तिलोई मंडल अध्यक्ष और एडवोकेट पंकज अवस्थी तथा बबलू मिश्रा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने जय श्रीराम और स्मृति ईरानी जिंदाबाद के नारे लगाए। उपस्थित भाजपा नेताओं ने स्मृति ईरानी के अमेठी के विकास में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी ने हमेशा जनता के हित में काम किया है। कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ और लंबी आयु की कामना की।

# भगवान रंगनाथ की निकली रथयात्रा

**60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान हुए, 5 किमी की दूरी 6 घंटे में पूरी होगी; 4 लाख भक्त जुटे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, उत्तर भारत के बड़े रंगनाथ मंदिर से रथयात्रा निकाली गई है। भगवान रंगनाथ (विष्णु जी) माता गोदा ( लक्ष्मी जी ) 60 फीट ऊंचे और 10 टन वजन के चंदन की लकड़ी से बने रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। रथ के शीर्ष पर सोने से बना कलश और चांदी से बना छत्र स्थापित किया गया। फिर पूजा-पाठ के बाद रथ यात्रा शुरू हुई। अद्भुत कला से बने इस विशाल रथ को हजारों भक्त खींच रहे हैं। करीब 5 किमी की दूरी 6 घंटे में पूरी होगी। भगवान रंगनाथ माता गोदा जी के साथ सुबह शुभ मुहूर्त में निज मंदिर से सोने से बनी पालकी में विराजमान हुए। परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच सिंह द्वार के समीप स्थापित रथ पर पहुंचे। यहां भगवान को 6 बजे रथ में विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद विराजमान किया गया। भगवान को रथ में विराजमान करने के बाद मंदिर के पुरोहित ने रथ का पूजन शुरू कराया। मंदिर के पुरोहित विजय किशोर मिश्र और गोविंद किशोर मिश्र ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर देव आह्वान, नवग्रह स्थापन, गणपति आह्वान आदि देवों का पूजन वंदन किया। इस पूजा में करीब 1 घंटे का समय लगा। इसके बाद रथ यात्रा शुरू होने से पहले रथ के चारों पहियों के नीचे पैठे का फल रखा और उसकी बली पूजा की गई। पूजा के बाद जैसे ही सात कूपों का धमाका और काली के स्वर ने रथ के चलने का संकेत किया। भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया। रंगनाथ भगवान के जयकारे लगे। रथ को खींचने की होड़ लग गई। करीब 15 फीट चौड़े, 20 फीट लंबे और 60 फीट ऊंचे रथ को देखने के लिए सभी आतुर दिखे।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।